आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 7 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-247 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 08 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

नक्सलियों ने की आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या

बीजापुर,7 दिसंबर। जिले में नक्सलियों ने आंगनबाड़ी सहायिका की निर्मम हत्या कर दी

है. नक्सलियों ने बीती रात करीब 8 बजे CPRF कैंप से महज 1 किलोमीटर दूर बासागुड़ा थाना क्षेत्र के तिम्मापुर गांव पहुंच कर इस वारदात को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने आंगनबाड़ी सहायिका लक्ष्मी को उनके घर से बाहर निकाला और उसके बेटे के सामने ही धारदार हथियारों से गला रेत कर हत्या कर दी. इस दौरान जब लक्ष्मी के बेटे ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों के साथ हाथापाई भी हुई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. नक्सलियों ने इस हत्या की जिम्मेदारी मद्देड एरिया कमेटी के नाम पर ली है और पर्चा में पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है. एडिशनल एसपी चन्द्रकांत गवर्ना ने इस घटना की पुष्टि की है. यह घटना नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हुई है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है.

बीच सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग, 12 घंटे के अंदर 3 मर्डर

नईदिल्ली,7 दिसंबर। देश की राजधानी दिल्ली अब क्राइम की कैपिटल भी बन चुकी है। आमजन से लेकर खास लोग दिल्ली में अपराधिक मामलों के शिकार हो रहे हैं। पिछले 12 घंटें के अंदर दिल्ली में कई बड़ी अपराधिक घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी जाने की है।

धमकी देने वाले शख्स ने मंत्री के फोन पर मैसेज भेजा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस और झारखंड के डीजीपी से की है। संजय सेठ झारखंड से सांसद हैं। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बढ़ते क्राइम को लेकर चिंता जताई है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली का ये नक्शा दिखाता है कि अमित शाह जी अपने घर के 30 चक्कर दायरे में भी सुरक्षा देने में नाकाम रहे हैं। केजरीवाल ने गृह मंत्री से पूछते हुए कहा कि आखिर लोग सुरक्षा के लिए कहा जाएं? दिल्ली के शहादरा में शनिवार सुबह बदमाशों ने बीच सड़क पर गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुनील जैन के रूप में हुई है। वह बर्तन व्यापारी था। बमाशों ने 6-7 राउंड फायर कर बर्तन व्यापारी की हत्य कर दी। हत्या किस वजह से की गई है। अभी इसको लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

सशस्त्र बल हमारे लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच : राजनाथ

नई दिल्ली,7 दिसंबर। देश में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई दी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इस अवसर पर सभी सेवारत, सेवानिवृत सैनिकों और उनके परिजनों को नमन करता हूं। साथ ही उन्होंने उन्हें इस दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे वीर जवानों और पूर्व सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और समर्पण को पहचानने का अवसर है। हमारे सशस्त्र बल हमारे लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच हैं, जो हर परिस्थिति में हमें सुरक्षित करने के लिए तत्पर रहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमारी सेनाएं न केवल बाहरी आक्रमणों से बल्कि प्राकृतिक आपदा के समय भी हमारी सुरक्षा के लिए तैयार रहती हैं। उनका त्याग और अनुशासन प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

मरवाही के जंगल में ड्रोन कैमरे में कैद हुई शेर की तस्वीर

९...९...९... यह आराम का मामला है

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,7 दिसंबर। जिले में भालू लैंड के नाम से मशहूर मरवाही के जंगल बीते दो दिनों से मादा बाघ की दहाड़ से गूंज रहा है. मरवाही वनमंडल के परासी गांव में बीते दिन इस बाघ को किसान के बैंगन की फसलों के बीच देखा गया था, जिसकी सूचना के बाद वन मंडल लगातार बाघ पर नजर रख रहा है.

आज बाघ की ड्रोन से तस्वीर ली गयी है. जिसमें साफ देखा जा सकता है कि मादा बाघ जंगलो में आराम कर रही है. वहीं आवासीय क्षेत्र में बाघ की धमक से ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है. मरवाही वनमंडल के छ्न्नह्र रौनक गोयल सहित वन विभाग कर्मचारी मादा बाघ की हर मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं. वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगलों की तरफ न जाने और समूह में रहने, सावधान रहने की अपील की है. ताकि किसी भी प्रकार की कोई भी जनहानि से बचा जा सके. इसके अलावा अचानक मार टाइगर रिजर्व के डॉक्टर्स की टीम और वाइल्ड लाइफ स्पेशलिस्ट भी यहां मौजूद है जो बाघिन पर नजर बनाए हुए हैं. बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से अनूपपुर वनमंडल के अमरकंटक के जंगलों में बाघ की मौजूदगी देखी गयी थी. संभावना जतायी जा रही है कि ये बाघिन वही है, जो भटक कर अपने लिए नए क्षेत्र की तलाश कर रही है.

सिर पर पत्थर पटककर युवक की हत्या

भिलाई,7 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

खुर्सीपार थाना क्षेत्र में फिर एक बार एक युवक के सिर पर पत्थर से वार कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेज दिया है मृतक का नाम लोकेश बंजारे पुलिस ने कुछ संदेहियो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है खुर्सीपार के ट्रांसपोर्ट नगर में देर रात नहर के किनारे शराब पार्टी कर रहे थे इसी दौरान मृतक लोकेश्वर बंजारे के साथ उनके दोस्तो के साथ किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपियों ने मृतक के साथ मारपीट करते हुए पत्थर से उसके सिर पर वार कर दिए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर भिलाई एएसपी सुखनंदन राठौर,सीएसपी हरीश पाटिल समेत खुर्सीपार थाने की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेजवा दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल मृतक के कुछ दोस्तो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है

सोमवार से होगा समितियों से धान का उठाव

सरकार और राइस मिलर्स के बीच लंबित मुद्दों पर बनी सहमति

रायपुर,7 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

आखिरकार राइस मिलर्स और सरकार के बीच लंबित मुद्दों पर सहमति बन गई है. इसके साथ ही 15 नवंबर से समितियों में जमा हो रहे धान के उठाव का रास्ता खुल गया है. सरकार और राइस मिलर्स ने एक स्वर में सोमवार से धान उठाव की बात कही है.राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल समेत प्रदेश भर से राइस मिलरों ने आज मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से मुलाक़ात कर बैठक में बातचीत की. बैठक के बाद मंत्री जायसवाल ने बताया कि राइस मिलर्स हड़ताल पर नहीं थे. कई मुद्दों को लेकर सरकार नए नियम और प्रक्रिया लाती है, राइस मिलरों की कुछ आपत्ति थी. जिसे मुख्यमंत्री ने बैठक कर पूरा करने आश्वासन दे दिया था. आने वाले कैबिनेट में राइस मिलर्स की मांगें पूरी की जाएगी, इसके साथ ही तकनीकी समस्याओं का भी हल निकाल लिया गया है. मंत्री जायसवाल ने कहा कि सबसे बड़ा उद्योग और व्यवसाय राइस मिलिंग का है. सिर्फ छत्तीसगढ़ नहीं राज्य के बाहर भी धान भेजा जाता है. प्रदेश में तीन हज़ार से अधिक राइस मिलर्स है. आज बैठक में तय किया गया है. पूरी ताक़त के साथ राइस मिलर्स धान उठाव करेंगे. एक-एक दाना धान खरीदी की ओर कार्य होगा. जिसका

पंजीयन और एग्रीमेंट नहीं हुआ वो करेंगे. सोमवार से धान उठाव होगा. राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि हम हड़ताल में नहीं गए थे. हमारी समस्या कुछ बिंदुओं को लेकर थी, जिनका सरकार के साथ बैठक में निराकरण हो गया है. प्रोत्साहन राशि 60 से 80 रुपए कर दी गई है. सरकार पहले भाड़ा राशि देने से इनकार कर रही थी, लेकिन अब वो भी मिलेगा. अग्रवाल ने कहा कि चार हजार करोड़ लंबित राशि सरकार से लेना था, जिसे किश्तों के जरिये देने पर सहमति बनी है. हम सरकार के साथ खड़े है. साय सरकार का आभार की हमारी सुविधाओं और मांगों पर विचार कर पूरा करने का आश्वासन दिया, जिससे राइस मिलर्स और किसानों के बीच समन्वय बने. सोमवार से धान का उठाव होगा.

मसूद अज़हर मामले में भारत की पाक को फटकार

नई दिल्ली,7 दिसंबर। भारतीय अधिकारियों ने हाल ही में बहावलपुर में एक सार्वजनिक भाषण देने की खबरों पर जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अज़हर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए पाकिस्तान की निंदा की है। विदेश मंत्रालय या विदेश मंत्रालय ने अज़हर की गतिविधियों के संबंध में निष्क्रियता के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई और कहा कि आतंकवादी नेता के खिलाफ न्याय का समय आ गया है। एक प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने भारत की कई सीमा पार आतंकवादी हमलों में उसकी संलिप्तता की ओर इशारा करते हुए अज़हर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जयसवाल ने कहा कि अगर ये रिपोर्टें सच हैं तो ये आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान के दोहरेपन को उजागर कर देंगी। जयसवाल ने कहा कि हम मांग करते हैं कि उसके (अजहर) खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उसे न्याय के कटघरे में लाया जाए। इस बात से इनकार किया गया है कि वह पाकिस्तान में नहीं है, और अगर रिपोर्ट सही है, तो यह पाकिस्तान के दोहरेपन को उजागर करता है।÷ अज़हर लंबे

समय से भारतीय धरती पर कुछ सबसे विनाशकारी आतंकवादी घटनाओं से जुड़ा रहा है, जिसमें 2001 संसद हमला और 2019 पुलवामा हमला शामिल है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अज़हर ने बहावलपुर में नफरत भरा भाषण दिया, उन्होंने इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को चूहा कहा और जम्मू-कश्मीर में और अधिक आतंकवाद को बढ़ावा देने की कसम खाई। नवंबर 2024 में दिए गए भाषण ने अज़हर के लगातार हिंसा भड़काने को लेकर चिंता की पुरानी लपटों को फिर से प्रज्वलित कर दिया। अज़हर पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद का एक प्रमुख नेता है, जो भारत के खिलाफ कई बड़े हमलों में शामिल रहा है। सितंबर 2019 में, भारत ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत हाफिज मुहम्मद सईद के साथ-साथ अज़हर पर व्यक्तिगत आतंकवादी के रूप में आरोप लगाया। उनका समूह पुलवामा हमले के लिए ज़िम्मेदार था, जिसमें 40 भारतीय सैनिक मारे गए थे, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत ने किसी भी अतिरिक्त हमले को रोकने और आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए अज़हर के खिलाफ पाकिस्तान से विश्वसनीय कार्रवाई की अपनी मांग दोहराई है।

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को मिली धमकी बदमाश ने मांगी 50 लाख की रंगदारी

नई दिल्ली,7 दिसंबर। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को एक धमकी भरा संदेश मिला। बदमाश ने मैसेज के जरिए 50 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। रक्षा राज्य मंत्री ने इस मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम रक्षा राज्य मंत्री के मोबाइल फोन पर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाला धमकी भरा मैसेज आया। इसके बाद उन्होंने उसी शाम दिल्ली डीसीपी को इस मामले की जानकारी दी। धमकी भरे मैसेज को लेकर उन्होंने डीसीपी से मुलाकात की जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि जिस मोबाइल से मैसेज भेजा गया था वह रांची के कांके का निकला। इसके बाद मंत्री ने खुद झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से बात की और शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक तेबो पुलिस थाना क्षेत्र के तोमरोम गांव में उस समय गोलीबारी शुरू हो गई जब एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सदस्यों को रोका। जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि मृतक की पहचान पीएलएफआई के एरिया कमांडर रादुंग बोदरा उर्फ लंबू के रूप में हुई है, जो बंदगांव थाना क्षेत्र के जिकीलता गांव का निवासी था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी जिलों में दर्ज 29 आपराधिक मामलों में वांछित था।

S-400 मिसाइल सिस्टम में देरी,टूट रहा भारत का सब्र

नई दिल्ली,7 दिसंबर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार से रूस की दो दिवसीय यात्रा पर होंगे। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने रूस से उन्नत एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणालियों की लंबित डिलीवरी में तेजी लाने का आग्रह किया है। यात्रा का एक मुख्य आकर्षण यह होगा कि राजनाथ सिंह 10 दिसंबर को मास्को में रूसी रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव के साथ सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आइ'आर आइ'जी-एमएंडएमटीसी) की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। चल रही रक्षा परियोजनाओं की समीक्षा के अलावा, चर्चा का मुख्य फोकस रूसी एस-400 ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणाली की शेष दो इकाइयों की डिलीवरी पर होगा, जिसे व्यापक रूप से दुनिया में सबसे उन्नत में से एक माना जाता है। S-400 वायु रक्षा प्रणाली की पांच इकाइयों की खरीद को 2018 में अंतिम रूप दिया गया जब भारत और रूस ने 5.43 बिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यात्रा का एक और मील का पत्थर 9 दिसंबर को कलिनिनग्राद में यंत्र शिपयार्ड में भारतीय नौसेना के नवीनतम मल्टीरोल स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल की कमीशनिंग होगी।फ्रिगेट भारत-रूस नौसैनिक सहयोग के विस्तार का हिस्सा है, जो उनके गहरे तकनीकी और औद्योगिक संबंधों को दर्शाता है।

यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हम भी: योगी

लखनऊ,7 दिसंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी के स्ववेद महामन्दिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत-समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा, हर काम देश के नाम होना चाहिए, हमारा कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है. यदि हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, तो हमारा धर्म भी सुरक्षित रहेगा, यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित रहेंगे. योगी आदित्यनाथ ने शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था. गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सदगुरु सदाफल महाराज ने आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया. उन्होंने कहा, अकेले चुपचाप नहीं बैठ जाना है. एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरुआत कर देनी है, लेकिन हर कार्य देश के नाम, सनातन धर्म के नाम पर होना चाहिए. एक सच्चा संत देश और समाज की परिस्थितियों से हाथ पर हाथ रखकर चुपचाप बैठा नहीं रह सकता है. आगामी प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा, एक कुंभ यहां पर है, तो दूसरा महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाला है. प्रयागराज महाकुंभ को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिला दी है. यही नहीं

यह वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी, 2024 को 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं. पीएम मोदी के कार्यकाल में वाराणसी में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, आप देख रहे होंगे कि आज काशी एक नई काशी है. प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में काशी को चमका दिया है. आज काशी में नमो घाट है. देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घाट है, जहां हेलीपैड भी है. काशी में देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है. इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य- चाहे सड़क, रेल और वायु सेवा की कनेक्टिविटी हो, जो 2014 से पहले था उससे 100 गुना बेहतर अब है. अब काशी से हल्दिया के बीच जलमार्ग का उपयोग करते हुए भी अपनी यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं.

विनोद कांबली पाई-पाई के लिए मोहताज

मुंबई,7दिसंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली इन दिनों फिर चर्चा में हैं. हाल ही में उनकी सचिन से एक इवेंट के दौरान मुलाकात हुई है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर विनोद कांबली के बारे में लोग खूब बाते कर रहे हैं. वायरल हो रहे वीडियो में उनकी सेहत काफी खराब दिखाई दे रही है. लेकिन एक वक्त ऐसा भी था, जब उनकी तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती थी और उन्हें सचिन के बाद अगला स्टार कहा जाने लगा था. विनोद कांबली अपनी गलत आदतों और खेल के प्रति लापरवाही के कारण देखते ही देखते अर्श से फर्श पर आ गए. आज उनकी हालत ऐसी है कि विनोद कांबली 52 की उम्र में भी 75 साल के लगते हैं. टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली की सचिन तेंदुलकर से मुलाकात हाल ही में कोच रामाकांत आचरेकर के एक मेमोरियल इवेंट में हुई. दोनों वहां पहुंचे हुए थे, इस दौरान सचिन ने विनोद कांबली से हाथ मिलाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. आज विनोद कांबली पाई-पाई के लिए मोहताज हैं, लेकिन कभी वे करोड़ों रुपये के मालिक थे. आइए जानते हैं आज उनके पास कुल कितनी दौलत है.

खेलों की दुनिया में बरसते रुपयों के पीछे है मनोरंजन तथा शौक

jasclaudius@gmail.com

क्रिकेट से अधिक धन कमाते हैं और भी खेल

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

सदियों से इस जगत में आर्थिक रूप से समृद्ध चाहे देश हो, औद्योगिक घराना हो, खेल क्लब हो या व्यक्ति विशेष हो सबकी निगाहें उन पर लगी होती है। खेलों की दुनिया में आज फुटबाल विश्व का सबसे अधिक प्रसिद्ध खेल है। इसके कई कारण है विशेषकर निर्धारित 90-90 मिनट का खेल जिसमें खिलाड़ी दमखम के साथ विपक्षी को छकाने के लिए करीब 110×80 मीटर अधिकतम वाले समतल भूमि पर लगातार गेंद के पीछे भागते रहते हैं। खैर सफलता तो उसी टीम को मिलती है जो सबसे अच्छी रणनीति, सामंजस्य के साथ विपक्षी टीम के विरुद्ध प्रदर्शन करती है। खेलकूद में जीत या हार से उस खेल और टीम की ना सिर्फ प्रसिद्धि बढ़ता है परंतु उस संस्था का नाम गौरवान्वित होता है। आज की परिस्थिति में खेल के पीछे धन कमाने का उद्देश्य छुपा हुआ है। मुकाबले और खिलाड़ियों को देखने, सुनने के लिए लोग पैसा खर्च करने में कोई कमी नहीं करते। अगर आप अपने पसंदीदा खेल के मैच को देखना चाहते हैं तो अब आपके पर्स पर रखे पैसों पर निर्भर करता है। संसार में आप कहीं पर भी हो चलते, फिरते, उठते, बैठते अपने पसंदीदा खेलों के लीग राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में मोबाइल के माध्यम से शामिल हो सकते हैं। व्यस्तता भरी जिंदगी में मनोरंजन का अपना महत्व है। यह जरूर है कि हर किसी की पसंद खेलकूद नहीं है परंतु आज जो आंकड़े निकलकर आ रहे हैं वह स्पष्ट बताता है कि फुर्सत के क्षण में खेलकूद के मुकाबले को देखना लोग सबसे अधिक पसंद करते हैं। हो सकता है कुछ पाठक इसी जानकारी से सहमत न हो लेकिन जब आंकड़े की जानकारी होती है तो हैरत होती है। यह सोचने पर आम आदमी मजबूर हो जाता है कि शौक या मनोरंजन या समय निकालने के लिए क्या इंसान इतनी बड़ी राशि खर्च कर सकता है? द बिजनेस ऑफ स्पोर्ट के 13 अगस्त 2024 के न्यूज लेटर में दुनिया के खेल से संबंधित प्रथम 100 वेल्युबल स्पोर्ट्स टीम की कुल वेल्यु की जानकारी दी गई तो कोई भी व्यक्ति दांत तेल उंगली दबाने के लिए मजबूर होगा। प्रथम 100 फ्रेंचायसी की वेल्यु लगभग 364 लाख करोड़ रुपये है। इसमें प्रथम स्थान पर फुटबाल का खेल आता ह जिसके प्रथम 50 में फुटबाल के करीब 33 फ्रेंचायसी हैं।

इसके अलावा सभी फ्रेंचायसी में प्रथम स्थान पर फुटबाल की डलास काउबायस है जिसकी वेल्यु लगभग नौ लाख करोड़ है। दूसरे स्थान पर बास्केटबाल की गोल्डन स्टेट वारियर्स टीम है जिसकी वेल्यु करीब 7 लाख करोड़ है। अंतिम सौवे स्थान पर आइस हाकी टीम की लास एंजल्स किंग टीम है जिसकी वेल्यु लगभग एक लाख पचास हजार करोड़ है। इस प्रकार पहले सौ स्थान में फुटबाल, बास्केटबाल, हाकी, बेसबाल, हाकी आदि खेल आते हैं। दूसरी तरफ भारत में लोकप्रिय क्रिकेट के आईपीएल अर्थात इंडियन प्रीमियर लीग भी चर्चा में है। इसमें दस टीम शामिल है। 2023 में पहली बार आईपीएल की ब्रांड वेल्यु 90679 करोड़ थी। जबकि शुरुवात में 2009 में वेल्यु 16943 करोड़ रुपये थी। आईपीएल की दस टीम को 2024 में ब्रांड वेल्यु एक लाख एक हजार करोड़ हो चुकी है। सबसे अधिक वेल्यु वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स है जिसकी वेल्यु 1033 करोड़ है। इस प्रकार हम तुलना कर सकते हैं कि भारत में क्रिकेट इतना लोकप्रिय खेल है परंतु विश्व के खेलों के फ्रेंचायसी वेल्यु में बहुत पीछे है। इससे साफ झलकता हे कि क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में लोग अधिक दिलचस्पी लेते हैं तथा अपने शौक या मनोरंजन या समय निकालने के लिए अधिक से अधिक धन खर्च करते हैं।

EVM पर संदेह,शपथ नहीं लेंगे शिवसेना (यूबीटी) के विधायक

मुंबई,7दिसंबर। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी के विजेता विधायक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनो (ईवीएम) के बारे में संदेह का हवाला देते हुए महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शपथ नहीं लेंगे। 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की जीत की वैधता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अगर यह वास्तव में लोगों का जनादेश था, तो जश्न मनाया गया होता, लेकिन कोई भी नहीं देखा गया। महाराष्ट्र विधानसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र शनिवार को नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ।

डिप्टी सीएम ने 96 महिला हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 7 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णुसाय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कवर्धा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 96 महिला हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरित की गई। यह पहल महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में पुष्पा पटेल, बबली पटेल, रेखा मानिकपुरी, लक्ष्मी पांडे, शैल राजपूत, संगीता ठाकुर, उतरा बंजारे, रानू यादव, निर्मला विश्वकर्मा, सानु जोशी, मारिया बेगम, शकुंतला ध्रुवे, परघनीय राजपूत, दैन्ती पटेल, सतरूपा ध्रुवे सहित 96 महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की गई। ये महिलाएं अब इस नई सुविधा का उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव की सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिलाई मशीन वितरण केवल एक साधन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहला कदम है। हमारा मानना है कि महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी, तो उनका परिवार, उनका समाज और पूरा राज्य सशक्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना केवल

आर्थिक सहायता देना नहीं है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें उनके कौशल के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास है। यह सिलाई मशीन न केवल रोजगार का जरिया बनेगी, बल्कि यह उन महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी होगी, जो अपने परिवार और समाज के लिए योगदान देना चाहती हैं। रेखा मानिकपुरी ने कहा कि मेरे पास हमेशा से सिलाई-कढ़ाई का हुनर था, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण इसे शुरू नहीं कर पाई। अब इस मशीन की मदद से मैं अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकूंगी। संगीता ठाकुर ने कहा कि यह मशीन मेरे लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। इससे मुझे न केवल स्वरोजगार मिलेगा, बल्कि मैं अपने बच्चों की शिक्षा के लिए भी बेहतर सहयोग कर पाऊंगी।÷ उतरा बंजारे ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि सिलाई मशीन मिलने से अब मुझे गांव में रोजगार का मौका मिलेगा। मैं अपने काम से अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करूंगी। शैल राजपूत बताती है कि यह मशीन मेरे जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी। सभी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि उन्हें समाज में एक सशक्त भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करेगी। महिलाओं ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सिलाई मशीन उनके जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए ।

आयुक्त राजीव कुमार ने आगजनी से बचाव के तरीकों को देखा

भिलाई, 7 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने आपातकालीन स्थितियों में आगजनी से बचाव के तरीकों एवं सुझावों को देखा। इस सम्बन्ध में उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगर निगम के विभागों में आपातकालीन आगजनी को रोकने के लिए फायर सिलेंडर लगाया गया है। कागजात जलने या किसी दुर्घटना को रोकने के लिए यह सिलेंडर सभी विभागों के दरवाजे के पास लगाया गया है। जिससे किसी प्रकार की घटना होने पर उसको तत्काल रोका जा सके। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी विभागों के कर्मचारियों को अपने ऑफिस के बाहर बुलाया। उनको ड्राई पावडर सिलेंडर की जानकारी दी कि किस प्रकार से आगजनी को रोका जा सकता है। अक्सर देखा जाता है कि आफिस, भवन एवं अन्य जगहो पर किसी बिजली के तार टूटने या एसी फटने की वजह से आग लग जाती है। जिससे वहां पर रखे सभी कागज, लकड़ी या अन्य सामग्री आग से जल जाते हैं। जिसको रोकने के लिए सिलेंडर के उपयोग से कैसे आग पर काबू पाया जाए उसके बारे में जानकारी प्रदान की गई। आयुक्त की उपस्थिति में अग्निशमन विभाग के कर्मचारी ने आग जलाकर उसे सिलेंडर के माध्यम से बुझाकर दिखाया। आयुक्त ने स्वयं सभी विभागो में जाकर निरीक्षण किया ।

एक नजर

मानस गान लोक महोत्सव 1 फरवरी से

उतई, 7 दिसंबर। दो दिवसीय मानस गान एवं लोक महोत्सव का आयोजन नगर पंचायत उतई एवं उमरपोटी में 1 फरवरी और 2 फरवरी 2025 को होगा जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल की एक से बढ़कर एक विधाओं के कलाकार करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन दो दिवसीय रामायण एवं लोक महोत्सव की तैयारी हेतु बैठक रखी गई जिसमें सर्व समिति से एक और दो फरवरी को कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया प्रदेश स्तर की बहुत ही लोकप्रिय मानस मंडली, फाग, हास्य , जस झांकी, सुवा नृत्य,पंडवानी बस्तरिया झांकी आदि लोकप्रिय कार्यक्रमों का आयोजन होगा सम्मानित मंच पर बैठक में रामायण उत्सव समिति उतई के सदस्य प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी ,मुकेश साहू ,रोशन साहू नारायण साहू उमरपोटी से उमाशंकर नरेश यादव उमेश साहू चिंतामन साहू यशवंत कुमार सुमेर दास नोहर अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

ट्रेनिंग कर वापस घर आने पर अग्निवीर कौशल निषाद का होगा स्वागत

उतई, 7 दिसंबर। ग्राम मचांदुर के युवक कौशल निषाद का स्थानीय ग्रामीणों युवाओं महिलाओं ने स्वागत कि तैयारी कर रहें। ग्रामीण जुलूस की शक्ल में युवक को पूरे गांव में घुमाकर उसके घर छोड़ेंगे। भारत माता की जय व जय हिंद के नारों से लोगों ने उनका स्वागत करेंगे।स्वागत तैयारी में लगे समाजसेवी तरुण साहू ने कहा कि अन्य युवकों में भी इस प्रकार की प्रेरणा मिले इसके लिए युवक का गर्मजोशी से स्वागत किया जायेगा। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होंगे।

नगर राजभाषा समिति को नराकास राजभाषा का प्रथम पुरस्कार

भिलाई, 7 दिसंबर। सदस्य संस्थानों द्वारा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग तथा राजभाषा नीति के सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, (मध्य) भोपाल द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग को वर्ष 2023-24 के लिए नराकास राजभाषा के प्रथम पुरस्कार की घोषणा की गई है। पुरस्कार प्राप्ति पर नराकास को सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) भारत सरकार गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, (मध्य) भोपाल, हरीश सिंह चौहान, निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अध्यक्ष नराकास, भिलाई-दुर्ग अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक, भिलाई इस्पात संयंत्र पवन कुमार ने पूरे नराकास परिवार को बधाई दी है। महाप्रबंधक सौमिक डे ने इस पुरस्कार का श्रेय सदस्य संस्थानों के रचनात्मक सहयोग, अनवरत प्रयासों एवं राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को निरंतर प्रोत्साहन को दिया है।

वाहन चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

भिलाई, 7 दिसंबर। आकाशगंगा सुपेला से वाहन चोरी करने वाले बांसपारा न्यू बस स्टैंड के पीछे दुर्ग निवासी 23 वर्षीय बदमाश सुमित भोई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर से जानकारी मिली थी कि एक अज्ञात आरोपित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास एक एक्टिवा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। आरोपित से एक बाइक और एक स्कूटी जब्त की गई है। चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपित को जेल भेजा गया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि सिंधी कालेनी स्टेशन रोड दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता निखिल खत्री ने 11 सितंबर को सुपेला थाना में शिकायत की थी कि उसकी बाइक को किसी अज्ञात आरोपित ने आकाशगंगा सुपेला से चोरी कर लिया है इस पर पुलिस ने आरोपित की पतासाजी शुरू की थी स पर पुलिस ने आरोपित को घेराबंदी कर पकड़ा। उससे चोरी की दो गाड़ियां जब्त की गई हैं जिनकी कीमत 35 हजार रुपये आकी गई है ।

आयुक्त ने सड़क से व्यवधान हटाने शुरू किया अभियान, जुबान लड़ाने वालों पर जुर्माना

रिसाली। सड़क की जमीन पर प्रचार सामाग्री रखने और दुकान सजाने वालों के खिलाफ रिसाली निगम ने मुहिम छेड़ दी है। गुरूवार की देर शाम आयुक्त मोनिका वर्मा ने व्यापारियों को समझाइश देने नेवई पुलिस के साथ सड़क पर उतरी। इस दौरान जबरदस्ती बहस करने पर जुर्माना वसूला, वही सड़क पर रखे सामानों को जब्त किया।दरअसल जो सड़क रात में 60 फीट से अधिक दिखाई देती है, वह शाम होते-होते आधी नजर आती है। पसरा लगाने और दुकान सजाने की वजह से जाम की स्थिति रहती है। आयुक्त मोनिका वर्मा के समझाइश का असर नहीं होने से अब से सख्ती के साथ पेश आ रही है। राजस्व, जनस्वास्थ्य, एनयूएलएम की टीम और नेवई पुलिस ने ऐसे व्यापारियों को हिदायते दी, जिन्होंने दुकान को सड़क की जमीन पर सजाया था। इस दौरान साइन बोर्ड और सजाने रखे फर्सी को जब्त कराया। साथ ही व्यापारियों को हिदायत दी गई कि दोबारा गलती करने पर पुनः जुर्माना और सामान जब्ती की कार्रवाही की जाएगी। इस दौरान आयुक्त के निर्देश पर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारियों ने कृष्णा टॉकिज रोड स्थित आयोष्का डेयरी के साफ सफाई की भी जांच की। किचन में खुले में रखे डालडा का सैंपल लेकर लैब भेजा गया। वहीं आयुक्त ने किचन को प्रथम तल में होने और घुमावदार सीढ़ी होने पर आपातकाल के लिए व्यवस्था नहीं होनेके लिए नोटीस जारी करने निर्देश दिए। आयुक्त मोनिका वर्मा ने पूरे बाजार क्षेत्र में अभियान चलाने निर्देश दिए हैं।

सीएम विष्णुदेव साय वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए, वर्मा परिवार की बेटी को दिया सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 7 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायङ्क शुक्रवार को कबीरधाम जिले के ग्राम कुसुमघटा में वर्मा परिवार की वैवाहिक समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वर्मा परिवार की बेटी एवं नव दाम्पत्य राजेश्वरी वर्मा-अमन चंद्राकर को सुखमय दांपत्य जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने वर्मा परिवार के मुखिया और वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रशेखर वर्मा सहित परिवार के सभी सदस्यों से आत्मीय भेंट की। मुख्यमंत्री ने नव दंपति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन एक नई जिम्मेदारी और साथ ही जीवन की खूबसूरत यात्रा है। उन्होंने कहा कि विवाह दो परिवारों के मिलन का पवित्र बंधन है और इसे निभाना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य होता है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कवर्धा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , बीजेपी नेता प्रताप चंद्रवंशी और अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि भी शादी में पहुंचकर नव दाम्पतय वर-वधु को सुखी वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने पर शुभ आशिर्वाद दिए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने नव दाम्पत्य सुखमय, समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

बोरीगारका सहकारी समिति में किसानों को थोड़ी राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 7 दिसंबर। जिला कलेक्टर का बोरीगारका धान खरीदी में निरीक्षण के दौरान कृषि सभापति राकेश हिरवानी ने खरीदी केंद्र में किसानों को हो रही समस्या को अवगत कराते हुए बताया, किसानों को यहां पर सभी धान को ढेरी लगाया जाता है फिर उसे बारदाना प्रदान किया जाता है। जिससे किसानों का समय व मेहनत बहुत लगता है जिस पर कलेक्टर ने नोडल अधिकारी को निर्देश दिया किसानों को कुछ बारदानो को ढेरी लगवाकर जांच करके उन्हें बार दाना प्रदान किया जाए। ताकि किसानों को ज्यादा समय ना लगे, दूसरी समस्या किसान का हल्का करगा धान को भी वापस किये जाने कि जानकारी दी गई, जबकी धान कि बीज इसी समिति से ली गई है जिस पर कलेक्टर के ने किसान हित पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया और किसान अपना धान पुरी तरह से साफ करके लावे, जिससे किसानों में आक्रोश हो रहा है राकेश हिरवानी कि मांग कि है कि जैसे सभी धान खरीदी केंद्र में किसानों हित को ध्यान रखते हुए कम करगायुक्त धान को खरीदी किया जा रहा वैसे ही यहां सहकारी समिति में भी किया जाए अन्यथा हम सभी पिड़ित किसानों के साथ धान लेकर कलेक्टर आफिस तक जायेगें। साथ हि साथ कलेक्टर ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में किसान का धान खरीदी केंद्र में आने के बाद वापस नहीं भेजा जाए ।अगर धान में नमी हो उसे समिति में ही सुखाया जाये ,अगर किसान सहमत हो ।

भिलाई इस्पात संयंत्र ने सड़क सुरक्षा के लिए शासन को दिए 1 करोड़ रूपये

भिलाई, 7 दिसंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग की ओर से 6 दिसम्बर को मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने एडिशनल एसपी अभिषेक झा की उपस्थिति में जिलाधीश सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को 1 करोड़ रूपये का चेक दुर्ग जिले में सड़क सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु सौंपा। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र से सहायक महाप्रबंधक आर गर्ग, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पुलिस प्रशासन के अनुरोध पर यह राशि प्रदान की है। दुर्ग जिले में सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने की एक योजना प्रस्तावित है। इस योजना में सहयोग करने हेतु पुलिस प्रशासन ने भिलाई इस्पात संयंत्र से सहयोग की अपेक्षा की थी। इसे ध्यान में रखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग की ओर से उपरोक्त राशि का चेक प्रदान किया गया।

भिलाई ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने की अतिरिक्त परिवहन आयुक्त से मुलाकात

भिलाई, 7 दिसंबर। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह सिंह छोटू के नेतृत्व में समस्त यूनियन के प्रतिनिधि मंडल अतिरिक्त परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन डी रविशंकर से राजधानी नवा रायपुर में भेंट कर फिटनेस सेंटर में आ रही परेशानियों पर ध्यान केंद्रित कराया गया और ट्रांसपोर्ट की परेशानियों को साझा किया गया। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी रविशंकर की सलाह पर शुक्रवार 6 दिसंबर को आरटीओ फिटनेस सेंटर काचांदूर में आरटीओ निरीक्षक विकास शर्मा के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया जहाँ समस्त संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। उसके उपरांत फिटनेस सेंटर में वरिष्ठ आरटीओ निरीक्षक के साथ संयुक्त बैठक की गई और फिटनेस में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन निरीक्षक विकास शर्मा के द्वारा दिया गया। निर्णय लिया गया है कि एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मण्डल जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर आ रही समस्याओं से अवगत कराएंगेद्ध इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू, छत्तीसगढ़ बलकर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू, छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष प्रभुनाथ भैठा, दुर्ग ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष गुरदीप सिंह एवम सैकड़ों की संख्या में ट्रांसपोटर एवं पदाधिकारी उपस्तिथि रहे

रायपुर व दिल्ली में वैशाली नगर के लोगों के लिए रूकने की होगी निःशुल्क व्यवस्था



भिलाई, 7 दिसंबर। कॉम्पिटिटिव एग्जाम या ट्रीटमेंट के लिए प्रदेश और देश की राजधानी जाने वाले वैशाली नगर विधानसभा वासियों को अब रायपुर और दिल्ली में रुकने की समस्या नहीं होगी। विधायक रिकेश सेन ने इस संबंध में पहल करते हुए दिल्ली और रायपुर में वैशाली नगर भवन की व्यवस्था की है ताकि वैशाली नगर विधानसभा के रहवासी अगर अपने परिजन की चिकित्सा के चलते या फिर स्टूडेंट्स एग्जाम के लिए राजधानी रायपुर या दिल्ली जाते हैं तो वे वैशाली नगर भवन में निःशुल्क रूप से रूक कर इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। विधायक सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली और रायपुर के भाटागांव में वैशाली नगर भवन तैयार कर लिया गया है और व्यवस्थित रूप से 1 जनवरी से वैशाली नगर के रहवासी अगर परीक्षा और चिकित्सा जैसे आवश्यक कार्यवश अगर उन शहरों में जाते हैं तो रुकने के लिए वैशाली नगर भवन की निःशुल्क सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। सेन ने कहा कि रोजगार के मद्देनजर साक्षात्कार हो या परीक्षा या फिर चिकित्सा के लिए दिल्ली जैसे शहरों में रूकना काफी महंगा साबित होता है तथा अनेक छात्र या निम्न/मध्यम वर्ग के परिवार होटल या लाज का भारी खर्च उठाने सक्षम नहीं होते इसलिए वैशाली नगर विधानसभा के निवासी जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर या देश की राजधानी दिल्ली आवश्यक कार्य से जाएंगे और उनके पास इन शहरों में तात्कालिक रूप से रूकने की व्यवस्था कर पाने में वो सक्षम नहीं हों तो जीरो रोड वैशाली नगर स्थित विधायक कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं ताकि वैशाली नगर भवन में उनके रूकने का इंतजाम किया जा सके।

नाली में गोबर बहाने वाले खटाल संचालक पर चालानी कार्रवाई

भिलाई, 7 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक रखने एवं गंदगी फैलाने वाले व्यवसायियों पर चालानी कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 02 स्मृति नगर में जुनवानी चौक में विभिन्न व्यवसासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर, फल ठेला में गंदगी पाए जाने एवं गीला एवं सूखा कचरा अलग नहीं पाए जाने वाले व्यापारी पृथ्वी जूस सेंटर 400, गोलू फल सेंटर 200, विश्वकर्ता फल सेंटर 100, ब्यूटी टी स्टाल 300, दूबे डेयरी 800, डिजत टू होटल 200, वंश डेली नीड्स 500, अंबिका टेउडर्स 500, द भिलाई टाउन 500, सोनू फल ठेला 100 एवं शर्मा पूजा सामग्री 1500 से इस प्रकार कुल 5100 रूपये चलानी कार्यवाही करते हुए वसूल किये गये। साथ ही जोन

क्रमांक 02 अंतर्गत वार्ड क्रं. 16 ठेठवार पारा में खटाल वालों के द्वारा नाली में गोबर बहाने पर चार लोगो से 4000 रुपये दाण्डिक शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी अभी यह सांकेतिक है चालानी कार्रवाई बढ़ते क्रम में होगी इसकी पूरी जिम्मेदारी जो लोग नगर निगम के समझाइए इसको नहीं मान रहे हैं उन्हीं के खिलाफ होगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यापारी सिंगल यूज प्लास्टिक में खाद्य सामग्री विक्रय कर रहे हैं या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे हैं या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में नहीं डाल रहे हैं। उनके पास जाकर कार्यवाही कर उनसे चालानी कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्हें समझाया जाए कि सिंगल यूज प्लास्टिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है। शहर की साफ-सफाई में जो व्यापारी सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही कर उन्हे समझाईस दी जाए कि अगले बार से गंदगी न फैलाएं नहीं तो निगम कचरा साफ नहीं करेगा उसी कचरे में आपको व्यापार करना पड़ेगा। कार्यवाही के दौरान जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, स्वच्छता सुपरवाइजर कमलेश द्विवेदी, अंजनी सिंह, इनाम सिंह कन्नौज, संतोष हरमुख, उनके दल के सदस्य उपस्थित रहे।

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भिलाई, 7 दिसंबर।भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचदेवरी निवासी 19 वर्षीय, नवविवाहिता माया जांगड़े ने गुरुवार को घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बीते 18 मई को उसकी शादी प्रमोद जांगड़े से हुई थी प्रारंभिक जांच में पता चला है कि माया की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी उसे नींद नहीं आती थी इसके चलते नींद की दवाई भी लेती थी सुबह उसका पति काम पर चला गया इसी दौरान उसने घर पर फांसी लगा ली कुम्हारी थाने पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है

एक नजर

अग्निवीर यूनिट में जवानों के साथ देश की रक्षा करेंगे अरुण रजक

डोंगरगढ़ 7 दिसंबर। धर्मनगरी के गौरव अग्निवीर अरुण रजक पिता स्व. शंकर रजक , के ट्रेनिंग पूर्ण कर घर वापसी के मौके पर डीपरापारा वार्ड नं 22 के वार्डवासियो सहित डोंगरगढ़ के गणमान्य नागरिको ने खुशी जताते हुए ट्रेनिंग से लौटे श्री रजक का गाजे बाजे के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए स्वागत किया गया. इस मौके पर श्री रजक के भाई सागर व राहुल ने बताया कि अरुण शुरू से ही देश की रक्षा के लिए सिपाही बनना चाहता था जिसके लिए निरंतर कड़ी मेहनत किया करता था परिणामतः अरुण रजक अग्निवीर में चयनित होने के बाद देश की रक्षा के लिए कर्तव्यनिष्ठ होंगे। अरुण के इस देश सेवा के भाव से गौरांवित उनकी माताजी सरोज रजक की आँखों में खुशी के आँसू आ गए व उन्होंने मेरा बेटा भारत माता का लाल कहते शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

वक्फ बोर्ड के नियुक्ति आदेश पर इरफान समर्थकों में खुशी की लहर

राजनांदगांव 7 दिसंबर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान

शेख हजरत सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्ला अलैह दरगाह और यतीम खाना पारी नाल राजनांदगांव के मुतवल्ली का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शहर जिले के सक्रिय समाजसेवी मोहम्मद इरफान शेख जो जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष भी है को कार्यवाहक मुतवल्ली बनाया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के 5 दिसंबर को जारी आदेश के तहत मोहम्मद इरफान शेख वल्द नईम शेख (पता नंदई कुआं चौक) को आगामी आदेश तक कार्यवाहक मुतवल्ली नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर के सीईओ डॉ. एस ए फारूकी के आदेश पर हुई है। उक्त नियुक्ति पर इरफान को बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। साथ ही उनके समर्थकों में भारी खुशी की लहर हैं।

थाना लालबाग पुलिस द्वारा चाकूबाज को तत्काल गिरफ्तार किया

राजनांदगांव 7 दिसंबर। प्रार्थी थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने भाई के बर्थडे में दोस्तो के साथ खाना खाने के लिये शेरे पंजाब ढाबा पेण्ड्री पहुंचे ही थे कि आरोपी आर्यन नायक के द्वारा कुछ बात करना है करके गौरव मेश्राम को वाहन के पीछे साईड लेकर गये जहा दोनो के बीच में पुरानी रंजिश को लेकर धक्का मुक्की होने लगा और आर्यन नायक के द्वारा मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच देते हुये अपने पास में रखे चाकू से गौरव मेश्राम को जान से मारने की नियत से उस पर वार किया जिससे गौरव मेश्राम के शरीर से खून निकलने लगा जिसे ईलाज के लिये अस्पताल लेकर गये कि रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 552/2024 धारा-109,296 बीएएनएस0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर मामले की गंभीरता को देखते हुये हालात से वरिष्ठ अधिकारीयो को तत्काल अवगत कराया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय पुष्पेन्द्र नायक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी लालबाग नवरतन कश्यप के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी के लिये टीम तैयार कर पता लाइश किया जा रहा था इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि उक्त आरोपी घटना कारित कर पेण्ड्री के पास है जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया जाकर गवाहो के समक्ष पूछताछ किया गया जो बताया कि पूर्व में मर्डर केस में अंदर हुआ था उसी बात को लेकर गौरव मेश्राम 3- 4 बार बोला था कि तुने दोस्त का मर्डर करके ठीक नही किया है करके बोलते रहता था उसी बात का हम दोनो के बीच रंजिश था जो कल फिर से उसी रंजिश को लेकर धक्का मुक्की इये जिस पर से वह अपने पास में रखे चाकू से वार किया था। आरोपी के द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध धारा सदर का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी आर्यन नायक पिता शंकर नायक उम्र 20 वर्ष निवासी शंकरपुर रामनगर वार्ड नं0 07 उडिया मोहल्ला चौकी चिखली थाना कोतवाली को विधिवत गिरप्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप, उप निरीक्षक गीतांजली सिन्हा सउनि0 राजू मेश्राम, आरक्षक राज कुमार बंजारा की भूमिका रही।

कलेक्टर ने बैंकों पर जताई नाराजगी

रायपुर, 7 दिसम्बर । कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। बैठक में सभी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना के ऋण प्रकरण की कम संख्या में स्वीकृति देने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाते हुए बैंक ऋण प्रकरण में दस्तावेजों का परीक्षण गंभीरता के साथ करें और अधिक से अधिक संख्या में स्वीकृति दिलाएं। ऐसे प्रकरण में संवेदनशीलता से विचार करें और स्वीकृत दें। कलेक्टर ने कहा कि स्लम बस्तियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बैंकों के सीसीएसआर मद का इस्तेमाल करने में सहयोग किया जाएं। डॉ सिंह बैंकों को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए रायपुर को डिजिटल जिला बनाने के लिए निर्देश दिया। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों विशेषकर महिला समूहों को लोन प्रदान करते समय प्रक्रियाओं को सरल करें। महिला समूहों के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाकर जल्द से जल्द लोन प्रदान करें। इस अवसर पर नगर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया टेड़ेसरा, सांकरा और धीरी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

राजनांदगांव 7 दिसंबर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज एक दिवसीय दौरे पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा-सांकरा एवं धीरी पहुंचे थे। जहां उन्होंने करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित सामूदायिक भवन निर्माण त्रिमूर्ति मंदिर, वार्ड क्रमांक6,7में मंच में शेड निर्माण कार्य,व्यवसायिक परिसर निर्माण ,नक्टा तालाब में में पचरी निर्माण, गौठान में आजिविका मिशन शेड निर्माण, शासकीय नवीन शाला में आहता जिर्णोद्धार, शीतला मंदिर जिर्णोद्धार, पशु आश्रम सुरक्षा कार्य ,सत्य कबीर पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी साहेब कुटी सामुदायिक भवन निर्माण, अटल आवास में सांस्कृतिक मंच निर्माण, पंचायत के सामने मंच में शेड निर्माण ,दगदेवा तालाब में निर्माण घाट निर्माण कार्य सहित सांकरा में किसान कुटीर निर्माण कार्य का लोकार्पण कर जनता को समार्पित किया। और धीरी में राधे चरण साव सामुदायिक भवन का भी डोकार्पण किया। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित लोकार्पण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सर्वप्रथम परंपरागत रूप से सत्य कबीर पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनी साहेब कबीर के

चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर एवं पूजा -अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

ततपश्चात सरपंचों एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा आयोजन के मुख्य अतिथि कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, समारोह के अध्यक्षता कर रहे डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि के रुप में अपनी गरिमामय उपास्थि प्रदान कर रहे भोलराम साहू विधायक खुज्जी,श्रीमती हर्षिता बघेल विधायक डोंगरगढ़, भागवत साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ, राजनांदगांव, अंगेश्वर देशमुख, प्रमोद साहू उपाध्यक्ष श्री सदगुरू कबीर धर्म गुरु दामाखेड़ा,खिलेश्वरी साहू सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव, नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं महापौर श्रीमती हेमदेशमूख का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस स्वागत भाषण को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि टेड़ेसरा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विशेष स्नेह है भागवत साहू ने कहा कि आज जो टेड़ेसरा में विकास निर्माण कार्य हुए हैं वह सब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा जारी धनराशि से संभव हो पाया है और आज यह भी संयोग है कि उन्हीं के करकमलों से लोकार्पण किया जा रहा है। श्री साहू ने इसके लिए क्षेत्र वासियों की ओर से भूपेश बघेल का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि भूपेश सरकार ने मुझे पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण का दायित्व सौंपा गया था और मेरे द्वारा उस जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन किया गया मेरे द्वारा समाज के विभूतियों के नाम से भवन निर्माण कार्य, धार्मिक स्थलों के लिए काम सहित किसानों के हित के लिए कई कार्य संपादित करने का कार्य किया गया है।

डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल मार्ग परियोजना में मुआवजे और नौकरी की मांग तेज होने लगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 7 दिसंबर। डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन परियोजना जिसकी स्वीकृति केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा मिलने के बाद अब क्षेत्र के किसानों ने मोर्चा खोल दिया है और आज किसान मार्च निकाल कर अपनी मांग पूरा करने की मांग की है. डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेल लाइन परियोजना के लिए लगभग 300करोड़ रुपए की स्वीकृति सरकार द्वारा मिलने के बाद अब रेल लाइन परियोजना से प्रभावित हो रहे ग्रामीण और किसान आंदोलनरत दिखाई दे रहे हैं. जहां आज बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ ब्लॉक के किसानों ने पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में किसान मार्च निकाला और स्टेशन मैनेजर श्री शेट्टी को अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा. दरअसल किसान अपनी तीन मांगों को सरकार से पूरा करने की गुहार लगा रहे हैं. जिसमें रेल लाइन परियोजना के लिए 2016/17 में किया गया सर्वे के स्थान पर फिर से सर्वे करा कर जमीन का मुआवजा देने, जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसान के घर के एक व्यक्ति को नौकरी और पूरी राशि का भुगतान एक साथ हो।

स्वच्छता अभियान के तहत शहर के शौचालयों की मरम्मत के बाद सुचारू संचालन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 7 दिसंबर। भारत सरकार आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ शौचालय अभियान 2024 के तहत निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के शौचालयों का मरम्मत कर सुचारू रूप से संचालन किये जाने आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। सुचारू संचालन के लिये उन्होंने शौचालय के संचालकों की बैठक लेकर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिये है, साथ ही महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को शौचालयो का निरीक्षण कर नागरिको से फिडबैक लेने भी कहा गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वच्छ शौचालय अभियान के संबंध मे बताया कि शासन के निर्देशानुसार विश्व शौचालय दिवस 2024 (19 नवम्बर) से लेकर गुड गवर्नेन्स डे 2024 (25 दिसम्बर) तक मिशन एक 5-सप्ताह लंबा स्वच्छ शौचलय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान

का उद्देश्य पूरे देश के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रख रखाव, सौदर्यीकरण करना है। इसके अलावा शासन द्वारा पारदर्शी मुल्यांकन, सुधरात्मक कार्यवाही, संचालन एवं संधारण, शौचालयों की जिम्मेदारी, नागरिकों की प्रतिक्रिया, फुटफॉल मैपिंग अर्थात शौचालयों के उपयोगकर्ता की वास्तविक गणना करना संबंधी कार्य के लिये घटक निर्धारित किया गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निर्धारित घटक के अनुसार कार्य करना है एवं अभियान की अवधि के अंत तक सभी सीटी एव पीटी और शौचालयों (चाहे वे स्वच्छ भारत मिशन के तह हो या नहीं) को पहले से अधिक बेहतर स्थिति में लाना है। जिसके क्रियान्वयन के लिये शहर में स्थित सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रख रखाव करने तथा आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये थे, निर्देशानुसार निगम के तकनीकि अधिकारी सीटीपीटी व यूरीनल पर पर्याप्त जल व्यवस्था, विद्युत व सीवर लाईन का बेहतर प्रबंधन करने के अलावा दरवाजा, खिडकी आदि मरम्मत करा रहे है।

आयुक्त श्री विश्वकार्म ने बताया कि शासन आदेशानुसार सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत संधारण किया जा रहा है। स्वच्छ एवं सुंदर शौचालय के लिये भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, प्रतियोगिता के लिये टायलेट की ग्रेडिंग, एनयूएलएम अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा

आयुक्त विश्वकर्मा ने किया टाका घर का निरीक्षण

राजनांदगांव 7 दिसम्बर। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज टाकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने कर्मचारियों की संख्या, कार्य का समय, पानी टेंकर, सफाई संबंधी गाड़ी के अलावा विद्युत की जानकारी ली। मोटर विभाग के प्रभारी टैंकर तथा जे.सी.बी. आदि के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डो में एवं आयोजनों में टेंकर सप्लाई की जाती है, स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के लिये जे.सी.बी. टिप्पर, टेक्टर भी सुबह निकल जाते है तथा डिवाईडर एवं पेड पौधें में सिचाई की जाती है। आयुक्त ने सभी गाड़ियों की आवश्यक मेंटनेंस व मरम्मत करने के निर्देश दिये और कहा कि आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर वाहनों का संचालन पेयजल व सफाई में किया जाये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने टाका घर स्थित टंकियो से शहर में पानी सप्लाई होने वाले क्षेत्रों की जानकारी लेते हुये जल विभाग के प्रभारी से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन, गंदे पानी आने, कम पानी आने आदि का यथासंभव जल्द निराकरण करे, आवश्यक सामाग्री का भंडारण रखे। सभी कर्मचारी प्रातः जल्दी काम पर आकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करे एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करे। उन्होंने विद्युत प्रभारी से कहा कि कर्मचारी सुबह जल्दी वार्डो में जाकर लाईट मरम्मत करे तथा लाईट संबंधी शिकायतो का त्वरित निराकरण करे।

समाचार संक्षेप

गोविन्द लीला कला कौशल 8 दिसंबर तक

रायपुर 7 दिसंबर। नेशनल लेवल डॉस एन्ड म्यूजिक कांपिटिशन कलावंत -3 का आयोजन 6 दिसम्बर से 8 दिसम्बरतक आयोजन किया गया है। इस डांस कांपिटीशन में देश के विभिन्न राज्यों से मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिया, छत्तीसगढ़, दिल्ली के यथा भोपाल, बालाघाट, मुम्बई, वर्धा दुर्ग, मिलाई, रायपुर, बिलासपुर आदि स्थानों से प्रतिभागियों ने भाग लिया है, इस प्रतियोगिता में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग ले रहें हैं। शास्त्रीय नृत्य- कत्थक, भरत नाट्यम, ओडिसी, कुचीपुड्डी एवं सेमी

क्लासिकल एवं बालीवुड नृत्यों में प्रतिभागी अपने नृत्य का प्रदर्शन कर रहें हैं, साथ ही गायन एवं वादन की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। कलावंत-3 में निर्णायक के रूप में दिल्ली से आई जयपुर घराने की कत्थक नृत्यांगना उदिती शर्मा एवं मंजरी शर्मा है, भोपाल से श्री उदित नारायण तिवारीजी गायन के लिये हैं एवं डांस के लिए खुशंक रहंगटे जी है जो मुम्बई से आए हैं। संस्था के अध्यक्ष श्री संतोष तिवारी जी, उपाध्यक्ष श्री मनोज कुमार साहूजी, सचिव श्रीमती किरण साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी एवं कार्यक्रम संयोजक श्री तरुण शर्मा एवं एवं सारिका शर्माजी हैं गोविंद लीला कला कौशल व्दारा त्रिदिवसीय आयोजित इस नेशनल लेवल कांपिटिशन का उद्?देश्य उभरते हुए कलाकारों को मंच प्रदान उनकी प्रतिभा को निखारना है, साथ ही हमारी संस्कृति हमारी धरोहर शास्त्रीय नृत्य, गायन, बादन जो आधुनिक चकाचौंध में विलुप्त होती जा रही है उसे इस माध्यम - मंच के व्दारा इसका पल्लवन, एवं उन्नयन करना है।

दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का बरछाटोला में शुभारंभ

छुरिया 7 दिसंबर। शास. प्राथमिक शाला बरछाटोला दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा राजनांदगांव मंहामंत्री श्री रविन्द्र वैष्णव जी शामिल हुए। साथ ही इस अवसर पर भाजपा मंडल मंहामंत्री श्री संजय सिन्हा जी भी उपस्थित थे.. श्री रविन्द्र वैष्णव जी ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से ही आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है,जीवन मे खेल का विषेश महत्व आज बाल क्रीडा प्रतियोगिता में छोटे छोटे बच्चे खेल खेलने आये है मैं इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।संकूल स्तरीय खेल में छः गांव के बच्चे कार्यक्रम में शामिल है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच किशोर टेमरे, चंन्द्रभृतलहरे प्राचार्य संकुल, दुलार सिंग संकुल संन्यक्ष, महेन्द्र कुमार गढ़े प्रधान पाठक बरछाटोला,खम्मन लाल वर्मा ग्राम पटेल, मानसिग वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

बाबा साहेब का संविधान हर वर्ग को अधिकार दिलाता है: कांग्रेस

राजनांदगांव 7 दिसंबर। भारतीय संविधान के निर्माता, महामानव भारतरत्न डा.बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर जी का 68वां महा परिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार 6 दिसंबर को शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर विनम्र आदरांजलि देकर उनके व्यक्तित्व, जीवन, आदर्शों, राष्ट्र के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान को निहित करते हुए विचार संगोष्ठी सभा आयोजित की गई। शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी सभा का संचालन करते हुए बताया कि बाबा साहेब अंबेडकर ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाए, जातिवाद के खिलाफ जमकर लोहा लिया। भारत के स्वतंत्र पश्चात जातिवाद भेदभाव मिटाने व सभी वर्गों के सम्मान के लिए भारत का संविधान लिखा, विश्व की सबसे सबसे पढ़े लिखे शख्सियतों में उनका नाम गर्व से लिया जाता है। बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित करके देश और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को नमन किया जाता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में डा.बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर जी का 68वां महा परिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी सभा आयोजित की। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, पीसीसी महसचिव थानेश्वर पाटिला, पंकज बांधव, गोपीचंद गायकवाड़, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सिद्धार्थ डोंगरे, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन ने संबोधित किया।

ट्रेडर्स खेल रहा सुपर फाइन धान के नाम पर बड़ा खेल

■ गश्त के दौरान तहसीलदार ने पकड़ा अवैध धान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 7 दिसंबर। महाराष्ट्र के धान को छत्तीसगढ़ में जगह जगह खपाने के लिए ट्रेडर्सो के द्वारा एक अनोखा उपाय निकालकर खतवन धान को खपाने के लिए नई युक्ती निकाले जाने का खुलासा हुआ है. बताया जाता है कि सुपर फाइन धान परिवहन करने की जिला कलेक्टर व जिला खाद्य निरिक्षक के समीप आवेदन ट्रेडर्सो के द्वारा दिया जा रहा है परंतु विधिवत कलेक्टर के द्वारा कोई आदेश नहीं दिया गया है परंतु ट्रेडर्स आवेदन की पावती को आधार बनाकर कलेक्टर कार्यालय की सील थप्पा लगाकर धड़ल्ले से महाराष्ट्र के खतवन धान को छत्तीसगढ़ में ट्रेडर्स के द्वारा यह खेल खेला जा रहा है जिसका खुलासा महाराष्ट्र से लाया गया अवैध धान के दिखाए गए पावती से खुलासा हुआ है. छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ की सीमाओ पर रोकथाम के लिए मंडी कर्मचारी व पुलिस जवानों की तैनाती तो की गई है परंतु ट्रेडर्स सरेआम आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए छत्तीसगढ़ के अंदर अभी तक हजारों ट्रक धान खपाए जाने का दावा किया जा रहा है. इसका खुलासा 05 दिसम्बर

की रात 10.30 बजे अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, नायब तहसीलदार सतपाल यादव उड़नदस्ता की गाड़ी से भ्रमण पर निकले थे इस दौरान बोरतलाव नाके से आगे पीपरखार पहुँच मार्ग पर ट्रक क्रमांक सीजी 08 एटी 1297 जाँच करने पर अवैध धान से भरा पड़ा था. ट्रक चालक अमन साहू से पुछताछ करने पर महाराष्ट्र स्थित तुमसर से 335 क्विंटल धान भरकर गुरुदेव ट्रेडर्स महाराजपुर चिचोला ले जाना बताया. गाड़ी की जाँच पड़ताल उपरांत ट्रक व धान की जप्ती पंचनामा बनाकर अनुविभागीय कार्यालय डोंगरगढ़ रात में ही लाया गया. 06 दिसम्बर को इस मामले के जाँच की जिम्मेदारी मंडी निरीक्षक ईश्वरी चंद्रप्रकर मंडी अधिनियम की धारा 23 व 19(4) के तहत धान की सैम्पलिंग कर जाँच के लिए भेजा गया है।

नगरी में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 7 दिसंबर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगरी विकासखण्ड के श्रृंगी ऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा उत्सव का अर्थ युवाओं की प्रतिभाओं को उजागर करना है। युवाओं को केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि किसी न किसी कलाओं में पारंगत होना चाहिए, इसके लिए हमें स्वयं का मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही दूसरों की बातों को ध्यान न देते हुए स्वयं की निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्री श्रवण मरकाम ने युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि युवा अगर अपने देश के बारे में सोचना प्रारंभ कर दें, तो उस देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इस युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत लोक नृत्य एकल एवं सामूहिक, लोकगीत एकल एवं सामूहिक, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी एकल एवं सामूहिक, कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प इत्यादि 12 विधाओं से प्रतिभागियों का चयन किया गया।

चोरी कर आरोपी अपने घर की आलमारी में छुपाकर रखा था मूर्ति

भगवान की प्रतिमा चोरी करने वाला आरोपी पकड़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 7 दिसंबर। हनुमान जी के मंदीर से हनुमान जी की व शंकर भगवान जी के मंदीर से गणेश जी की प्रतिमा चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है. आपको बता दें कि विकासखंड डोंगरगढ़ के मुख्यालय से लगभग 05 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत टिढ़ी पहुँच मार्ग के नाले के पास स्थित हनुमान जी का मंदीर व शंकर भगवान का मंदीर से 01 व 02 दिसम्बर 2024 की रात्रि मंदीर से हनुमान जी की प्रतिमा, गणेश जी की प्रतिमा अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया था और इसकी जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रवासियो में हड़कंप मच गया था व शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुँचकर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई थी. अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रतिमा चोरी व धार्मिक

भावनाओ को आहत करने के मामले में बीएनएस की गंभीर धारा 303(2), 229 कायम कर अज्ञात आरोपी की तलाश तेज कर दी गई थी और पता तलाश के दौरान भगवान की प्रतिमा चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा गया. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि प्रार्थी दीपक कुमार साहू पिता स्व0 ईश्वर लाल साहू उम्र- 44 साल निवासी ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़ ने 03 दिसम्बर 2024 को थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मुर्तियों के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल राजनांदगांव का टीम गठित किया गया था उक्त दोनों टीम साथ मिलकर अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मुर्तियों के पता तलाश में जुट गए थे इसी दौरान सूचना मिला कि ग्राम बछेराभाठा निवासी भूवन चन्द्रवंशी अपने घर में मूर्ति रखा है कि सूचना मिलने पर भूवन चन्द्रवंशी पिता उदयराम चन्द्रवंशी उम्र- 35 साल निवासी बछेराभांठा थाना डोंगरगढ़ छ0ग0 का पता-तलाश कर पुछताछ किया जो आरोपी अपने मोटर सायकल से ग्राम चिद्दो आकर ग्राम चिद्दो-डोंगरगढ़ मार्ग के रास्ते में नाला के पास शिव मंदिर, हनुमान मंदिर में रखे गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हनुमान जी के मूर्ति को चोरी कर अपने घर के आलमारी में छुपाकर रखा हूँ बताने पर पुलिस आरोपी के घर पंहूचकर आरोपी के घर अन्दर रखे आलमारी से गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हनुमान जी के मूर्ति को बरामद कर मोटर सायकल क्र0- सीजी 05 ई 7740 सहित जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि गणेश चौहान, आरक्षक- प्रयंश सिंह, योगेन्द्र देशमुख एवं सायबर सेल राजनांदगांव से सउनि सुमन कर्ष, प्र0आर0- बसंतराव एवं आरक्षक- प्रवेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

संपादकीय

धान खरीदी में अव्यवस्था तो हर सरकार में होती है

राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था कोई छोटी मोटी व्यवस्था नहीं है। बहुत बड़ी व्यवस्था है, बडी.व्यवस्था है, इसलिए इसमें ज्यादातर धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था के साथ कई धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था भी होती है। हर साल हर सरकार के समय धान खरीदी इसी तरह व्यवस्था व अव्यवस्था के बीच ही होती है और हर साल सरकार किसी भी दल की हो वह पहले से ज्यादा किसानों से पहले से ज्यादा धान खरीदती है, पहले से ज्यादा भुगतान करती है। यानी इसी व्यवस्था के बीच अव्यवस्था में रमन सिंह सरकार ने नया धान खरीदी का रिकार्ड बनाया है तो इसी व्यवस्था अव्यवस्था के बीच भूपेश सरकार ने धान खरीदी का नया रिकार्ड बनाया है और पिछली बार साय सरकार ने भी तो धान खरीदी में नया रिकार्ड बनाया है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों का अपना काम होता है।अब धान खरीदी को ले तो सत्ता पक्ष का काम है हर धान खरीदी केंद्रे में धान खरीदी के लिए अच्छी व्यवस्था करे ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो।इसके लिये सरकार की तरफ से एक माह पहले से तैयारी के निर्देश जारी कर दिए जाते हैं ताकि धान खरीदी के वक्त किसी केंद्र में किसी तरह की अव्यवस्था न रहे। अब यह जिला प्रशासन यानी अधिकारियों का काम होता है कि वह हर धान खरीदी केंद्र में समय से पहले ऐसी व्यवस्था करें कि जब तक धान खरीदी चलती रहती है, तब तक कोई अव्यवस्था न हो। हर धान खरीदी केंद्र में पहले सप्ताह के लिए ठीक ठाक व्यवस्था रहती है, इसलिए पहले सप्ताह धान बेचने आने वाले किसानों को कोई शिकायत नहीं होती है। दूसरे और तीसरे सप्ताह से हर तरह की अव्यवस्था शुरू होती है। ऐसा नहीं है कि अधिकारियों को पता नहीं रहता है कि हर साल धान खरीदी केंद्र में किस तरह की अव्यवस्था होती है, इसके बाद भी वह हर साल पूरी व्यवस्था निरंतर नहीं बनाए रख पाते हैं। कहीं किसानों को टोकन कटाने में परेशानी होती है तो कहीं धान बेचने में शिकायत आती है कि किसानों से ज्यादा धान लिया जा रहा है। कहीं शिकायत आती है कि बोरे नहीं है इसलिए धान खरीदी प्रभावित हो रही है। कहीं से शिकायत आती है कि धान का उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी केंद्र में धान रखने की जगह नहीं है, इसलिए धान खरीदी प्रभावित हो रही है। कहीं शिकायत आती है कि सरकार ने धान का पैसा एकमुश्त देने का वादा किया था लेकिन एकमुश्त पैसा नहीं दिया जा रहा है।सरकार ने वादा किया था कि २१ क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदा जाएगा लेकिन खरीदा नहीं जा रहा है। इससे विपक्ष को मौका मिलता है कि सरकार के खिलाफ बहुत कुछ कहने का। कांग्रेस तो धान खरीदी शुरू होने के साथ ही आरोप लगा रही है कि जिस धीमी गति से धान की खरीदी हो रही है, उससे ऐसा लगता है कि सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है। विपक्ष में कोई भी हो, उसकी नजर तो सबसे पहले इसी बात पर रहती है कि सरकार ने किसानो से जो वादा किया है वह पूरा कर रही है या नहीं कर रही है। जैसे धान का प्रति क्विंटल ३१०० रुपए एकमुश्त दे रही है या नहीं, धान प्रति एकड़ २१ क्विंटल खरीदा जा रहा है या नहीं। ताकि किसानों के बीच सरकार की इमेज को खराब किया जा सके,साबित किया जा सके कि सरकार किसान हितैषी नहीं है।भाजपा विपक्ष में थी तो वह भी यही करती थी, आज कांग्रेस विपक्ष में है तो वह भी यही कर रही है। फिर भी किसान इस बात से तो खुश होंगे कि साय सरकार ने उनके लिए कुछ नई व्यवस्था तो की है।यह हर धान खरीदी केंद्र में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था। इससे किसानों को धान बेचने के बाद दस हजार रुपए निकालने में आसानी होती है। भूपेश बघेल के वक्त तो धान बेचने के बाद पैसे के लिए बैंकों में लाइन लगता पड़ता था भूपेश सरकार अंतर की राशि भी एक साल में चार किश्त में देती थी। इससे किसानों को एकमुश्त पैसा नहीं मिलता था और वह कोई बड़ा खर्च एक साथ नहीं कर पाते थे। साय सरकार के समय धान का समर्थन मूल्य एक साथ मिल जाता है तो अंतर की राशि भी साय सरकार एक साथ दे देती है। टोकन के लिए साय सरकार ने नई व्यवस्था एप के माध्यम की है ।भाजपा का कहना है कि टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से किसान को स्वतंत्रता दी गई है कि वे अपना टोकन स्वंय काट सकें।इस एप के माध्यम से ४५ हजार किसान टोकन खुद काट चुके हैं। इस आधार पर तो कहा जा सकता है कि भुगतान व टोकन के मामले में साय सरकार भूपेश सरकार से बेहतर है।धान खरीदी भूपेश सरकार के समय कई तरह से प्रभावित होती थी और साय सरकार के समय भी धान खरीदी कई तरह से प्रभावित हो रही है। सभी केंद्रों में बोरों की व्यवस्था न कर पाना,धान का समय पर उठाव न हो पाना,बेमौसम बारिश होने पर धान खरीदी प्रभावित होती है और खरीदी केंद्रों मे रखा धान हर साल भीगता भी है। दिसंबर तक व्यवस्था व अव्यवस्था के बीच धान खरीदी चल रही है।आंकड़ों के मुताबित १४ नवबर से ५ दिसंबर तक २९.२२ लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है।पांच दिसंबर को ६५६६३ किसानों से २.९८ लाख टन धान की खरीदी की गई। इसके लिए ७०६९२ टोकन जारी किए गए थे। अगले दिन के लिए ७६३७८टोकन जारी किए गए हैं। अब तक २७ लाख पंजीकृत किसानों में से ६.१५ लाख किसानों ने अपना धान बेचा है।इसके एवज में उनको बैंको से ६७२७ करोड़९३ लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है।धान खरीदी में हर सरकार कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, हर सरकार समस्या का समाधान निकाल लेती है, साय सरकार भी निकाल लेगी और जितना धान उसने खरीदना तय किया है, उतना धान खरीद कर दिखाएगी। ऐसा जनता का विश्वास है।

स्वास्थ्य सेवा

खतरनाक होता बायोमेडिकल वेस्ट

डॉ. सत्यवान सौरभ

स्वास्थ्य सेवा गतिविधियाँ स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और उसे बहाल करती हैं तथा जीवन बचाती हैं। लेकिन उनके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट और उप-उत्पादों के बारे में क्या? स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट में से लगभग 85% सामान्य, गैर-खतरनाक अपशिष्ट है जो घरेलू अपशिष्ट के बराबर है। शेष 15% को खतरनाक सामग्री माना जाता है जो संक्रामक, रासायनिक या रेडियोधर्मी हो सकता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उपाय ऐसे अपशिष्टों से होने वाले प्रतिकूल स्वास्थ्य और पर्यावरणीय प्रभावों को रोक सकते हैं, जिसमें रासायनिक या जैविक खतरों का अनपेक्षित उत्सर्जन शामिल है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों में संभावित रूप से हानिकारक सूक्ष्मजीव होते हैं जो अस्पताल के रोगियों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता को संक्रमित कर सकते हैं। अन्य संभावित खतरों में दवा प्रतिरोधी सूक्ष्मजीव शामिल हो सकते हैं जो स्वास्थ्य सुविधाओं से पर्यावरण में फैलते हैं। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट और उप-उत्पादों से जुड़े प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों में तीक्ष्ण वस्तुओं से लगी चोटें भी शामिल हैं; स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के संचालन या भस्मीकरण के दौरान आस-पास के वातावरण में छोड़े जाने वाले दवा उत्पादों, विशेष रूप से एंटीबायोटिक्स और साइटोटॉक्सिक दवाओं और पारा या डाइऑक्सिन जैसे पदार्थों के संपर्क में आना; कीटाणुशोधन, बंध्यीकरण या अपशिष्ट उपचार गतिविधियों के संदर्भ में उत्पन्न होने वाली रासायनिक जलन; चिकित्सा अपशिष्ट भस्मीकरण के दौरान कण पदार्थ के निकलने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाला वायु प्रदूषण; खुले में जलने और चिकित्सा अपशिष्ट भस्मक के संचालन के साथ होने वाली तापीय चोटें; विकिरण जलन; और दवा अपशिष्टों के असुरक्षित भंडारण, उपचार और निपटान के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रसार। अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट सेवाओं के लिए कई कारण मौजूद हैं। इनमें सीमित कानूनी ढाँचे (जैसे, नीतियाँ, विनियमन, दिशा-निर्देश), स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट से सम्बंधित स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूकता की कमी, उचित अपशिष्ट प्रबंधन में अपर्याप्त प्रशिक्षण,

स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट में से लगभग 85% सामान्य, गैर-खतरनाक अपशिष्ट है। शेष 15% को खतरनाक सामग्री माना जाता है जो संक्रामक, विषाक्त, कैंसरकारी, ज्वलनशील, संक्षारक, प्रतिक्रियाशील, विस्फोटक या रेडियोधर्मी हो सकता है। हर साल दुनिया भर में अनुमानित 16 बिलियन इंजेक्शन लगाए जाते हैं, लेकिन सभी सुइयों और सिरिंजों का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों को खुले में जलाने और कम तापमान पर जलाने से, कुछ परिस्थितियों में, डाइऑक्सिन, फ़्यूरान और पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन हो सकता है।

अपशिष्ट प्रबंधन और निपटान प्रणालियों की अनुपस्थिति, अपर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधन और कम प्राथमिकता शामिल हैं। कई देशों में या तो उचित नियम नहीं हैं या वे उनकी निगरानी और प्रवर्तन नहीं करते हैं। दुनिया भर में, हर साल अनुमानित 16 बिलियन इंजेक्शन लगाए जाते हैं। सभी सुइयों और सिरिंजों का सुरक्षित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है, जिससे चोट और संक्रमण का जोखिम और दोबारा इस्तेमाल के अवसर पैदा होते हैं। हाल के वर्षों में निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दूषित सुइयों और सिरिंजों से इंजेक्शन लगाने में काफी कमी आई है, आंशिक रूप से इंजेक्शन उपकरणों के दोबारा इस्तेमाल को कम करने के प्रयासों के कारण। इस प्रगति के बावजूद, असुरक्षित इंजेक्शन अभी भी 33, 800 नए एचआईवी संक्रमण, 1.7 मिलियन हेपेटाइटिस बी संक्रमण और 315, 000 हेपेटाइटिस-सी संक्रमण के लिए ज़िम्मेदार थे। संक्रमित स्रोत रोगी पर इस्तेमाल की गई सुई से एक व्यक्ति को सुई लगने से चोट लगने का अनुभव होने पर उसे एचबीवी, एचसीवी और एचआईवी से संक्रमित होने का क्रमशः 30%, 1.8% और 0.3% जोखिम होता है। अपशिष्ट निपटान स्थलों पर सफाई करने और स्वास्थ्य सुविधाओं से खतरनाक अपशिष्ट को संभालने और मैन्युअल रूप से छांटने के दौरान अतिरिक्त खतरे उत्पन्न होते हैं। ये प्रथाएँ दुनिया के कई क्षेत्रों में आम हैं, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में।

अपशिष्ट संचालकों को सुई चुभने की चोट लगने और विषैले या संक्रामक पदार्थों के संपर्क में आने का तत्काल जोखिम होता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट का उपचार और निपटान पर्यावरण में रोगजनकों और विषैले प्रदूषकों के निकलने के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। लैंडफिल में अनुपचारित स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के निपटान से पीने, सतह और भूजल का संदूषण हो सकता है, अगर उन लैंडफिल का निर्माण ठीक से नहीं किया गया है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों को कम से कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे उस अपशिष्ट की मात्रा में काफी कमी आएगी जिसे संभालने और उपचारित करने की आवश्यकता है। अपशिष्ट न्यूनीकरण क्रियाओं में हरित खरीद और ऐसे उत्पादों का चयन करना शामिल है जहाँ शिपिंग कम से कम हो और कम और पारिस्थितिक पैकेजिंग हो, सुरक्षित और व्यवहार्य होने पर पुनः प्रयोज्य उत्पादों पर स्विच करना, केवल प्रलेखित आवश्यकता के आधार पर फार्मास्यूटिकल्स का ऑर्डर देना / प्राप्त करना और प्लास्टिक, कागज और कार्डबोर्ड सहित सामान्य वस्तुओं का पुनर्चक्रण करना शामिल है। रासायनिक कीटाणुनाशकों के साथ स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के उपचार के परिणामस्वरूप पर्यावरण में रासायनिक पदार्थ निकल सकते हैं यदि उन पदार्थों को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से संभाला, संग्रहीत और निपटाया नहीं जाता है।

स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए अधिक ध्यान और परिश्रम की आवश्यकता होती है, ताकि खराब अभ्यास से जुड़े प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों से बचा जा सके, जिसमें संक्रामक एजेंटों और विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आना भी शामिल है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने के प्रमुख तत्व हैं उन प्रथाओं को बढ़ावा देना जो उत्पन्न होने वाले कचरे की मात्रा को कम करते हैं और उचित अपशिष्ट पृथक्करण सुनिश्चित करते हैं; राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के अंतिम उद्देश्य के साथ अपशिष्ट पृथक्करण, विनाश और निपटान प्रथाओं में क्रमिक रूप से सुधार करने के लिए मजबूत निगरानी और विनियमन के साथ-साथ रणनीति और प्रणाली विकसित करना; जहाँ संभव हो, चिकित्सा अपशिष्ट भस्मीकरण की तुलना में खतरनाक स्वास्थ्य देखभाल अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल उपचार (उदाहरण के लिए, ऑटोक्लेविंग, माइक्रोवेविंग, आंतरिक मिश्रण के साथ एकीकृत भाप उपचार और रासायनिक उपचार) का पक्ष लेना; एक व्यापक प्रणाली का निर्माण, जिम्मेदारियों, संसाधन आवंटन, तथा अपशिष्ट को एकत्रित करने, संभालने, भंडारण करने, परिवहन करने, उपचारित करने या निपटाने के दौरान लोगों को खतरों से बचाने के लिए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन विकल्पों का चयन करना। सार्वभौमिक, दीर्घकालिक सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और समर्थन की आवश्यकता है, हालांकि स्थानीय स्तर पर तत्काल कार्यवाही की जा सकती है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पूरा करना होगा। पारिवारिक समस्याएं फिर से उभर सकती हैं। जो युवा रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आप कार्यक्षेत्र में कामों से अपने बॉस को खुश रखेंगे। आपका बिजनेस पहले से ज्यादा बढ़ेगा। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपको कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके काम को लेकर अत्यधिक थकान रहेगी। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी को आप कही शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं, लेकिन आपके कुछ खर्चे सामने आ सकते हैं, जो आपके लिए सिरदर्द बनेंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को बहुत ही सोच समझकर आगे बढ़ना होगा। आप अपनी प्रतिभा से कार्यक्षेत्र में लोगों को हैरान करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको रूपए पैसे को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। बिजनेस में अक्समात लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रेम संबंध बेहतर रहेंगे। किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। रचनात्मक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। आपको अपने दिनचर्या को बेहतर रखने की कोशिश करनी होगी। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। आपका कोई प्रोजेक्ट शुरू हो सकता है। आप योग और व्यायाम से काफी सारी मुश्किलों को दूर कर सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी सेहत में लापरवाही दिखाने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी आय बढ़ने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन देखकर परिवार के सदस्य भी आपसे नाराज रहेंगे। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आपसे कामों में कोई गलती हो, तो आप उसके लिए तुरंत माफी मांगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। कोई रुका हुआ काम पूरा होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने बिजनेस की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आप किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम को दे सकते हैं। आध्यात्मिक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छा अवसर मिलेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको अनुभवों का पूरा लाभ मिलेगा। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपके अंदर ऊर्जा रहने के कारण आप कामों को आसानी से कर सकेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। आपका कोई मित्र आपके लिए किसी निवेश संबंधी प्लान को लेकर आ सकता है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर हाथ लग सकता है। आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको कोई पैतृक संपत्ति भी प्राप्त हो सकती है। कोई सरकारी मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है। आपको व्यवसाय में कोई काम बहुत ही सोच समझकर करना होगा। आप अपने कामों को लेकर कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। संतान को किसी नौकरी से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर हो सकता है। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आपके कुछ नए विरोधी होने की संभावना है। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। आपको अपने जरूरी कामों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी, तभी वह पूरे हो सकेंगे।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में लोगों से अपने काम निकलवाने होंगे। आपको बिजनेस में कोई जोखिम उठाने से बचना होगा। आपको सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप आवेश में आकर कोई निर्णय न लें, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने समय का सदुपयोग करें, जिसका आपको परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती हैं और आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को बनाएंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपको टेंशन रहेगी।

व्यंग्य

सपनों की दुकान

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक बार की बात है, गांव के चौराहे पर एक नई दुकान खुली, जिसका नाम था ₹सपनों की दुकान₹। इस दुकान के मालिक थे झूठालाल, जो अपने नाम के अनुरूप हर बात में झूठ का तड़का लगाते थे। उनके ग्राहक सिर्फ वे लोग थे, जो अपने सपनों को सच करने के लिए तरस रहे थे, लेकिन सच के पास जाने का हिम्मत नहीं जुटा पाते थे। झूठालाल ने अपने दरवाजे पर एक बड़ा सा बोर्ड लटका रखा था, जिसमें लिखा था, ₹जो चाहोगे, वही मिलेगा!₹ ग्राहकों की संख्या बढ़ती जा रही थी, क्योंकि हर कोई चाहता था कि उनका सपना सच हो जाए। लेकिन सच्चाई यह थी कि दुकान में कोई भी वस्तु असलियत के करीब नहीं थी। पहला ग्राहक, चाचा गप्पू, दुकान में घुसते ही बोले, ₹भाई झूठालाल, मुझे ऐसा सपना चाहिए, जिसमें मैं चुनाव जीत जाऊं और सारे गांव को स्वर्ग बना दूं!₹ झूठालाल मुस्कराते हुए बोले, ₹चिंता मत करो, चाचा! मैं तुम्हारे लिए एक शानदार सपना तैयार कर दूंगा। बस, यह 100 रुपये का टिकट खरीद लो। चाचा गप्पू ने टिकट खरीद लिया और अगले दिन जब उन्होंने चुनाव लड़ा, तो उनका सपना सच होता नजर आया। मगर चुनाव के दिन, वे खुद मतदान कराने के बजाय, कुर्सी पर सोते रहे। जब गप्पू जागे, तो पता चला कि उनके गांव में सभी ने उन्हें ₹गप्पू राजा₹ का नाम दे दिया है। लेकिन असल में, कोई भी उन्हें वोट नहीं दे पाया था। झूठालाल का सपना सच कर दिया गया था, लेकिन चाचा गप्पू को हकीकत का सामना करना पड़ा। दूसरा ग्राहक, भाभी जी, जो हमेशा अपने पति से परेशान रहती थीं, बोलीं, ₹भाई झूठालाल, मुझे ऐसा सपना चाहिए, जिसमें मेरा पति हर दिन घर पर रहता है और काम करता है!₹ झूठालाल ने फिर से मुस्कराते हुए कहा, ₹ये तो आसान है! बस, 200 रुपये का सपना खरीदो। भाभी जी ने सपना खरीदा और रात को सोते समय उन्होंने अपने पति को सपने में कड़ी मेहनत करते देखा। लेकिन सुबह होते ही पति ने फिर से बिस्तर पकड़ लिया और कहा, ₹आज भी काम नहीं है, छुट्टी है!₹ भाभी जी का सपना भले ही झूठालाल ने दिखा दिया था, लेकिन हकीकत में वही पुराना नजारा था। तीसरे ग्राहक, युवा नेता, जिनका सपना था ₹एक स्मार्ट शहर बनाना₹, झूठालाल के पास आए। उन्होंने कहा, ₹भाई, मुझे ऐसा सपना चाहिए, जिसमें मैं शहर का सबसे अमीर आदमी बन जाऊं! झूठालाल ने कहा, ₹ये तो बहुत आसान है! बस, 300 रुपये का सपना खरीदो। युवा नेता ने सपना खरीदा और फिर उन्होंने शहर को स्मार्ट बनाने के लिए कई योजनाएँ बनाई। लेकिन जब कार्यान्वयन की बारी आई, तो पता चला कि स्मार्ट शहर की सारी योजनाएँ पुराने खड्डों में जाकर गिर गई थीं। हर कोई खुद को स्मार्ट समझता था, लेकिन वास्तव में सब कुछ पहले जैसा ही था। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, गांववाले समझ गए कि सपनों की दुकान केवल एक धोखा थी। झूठालाल ने अपने सभी ग्राहकों से पैसे ले लिए, लेकिन किसी का सपना पूरा नहीं हुआ। लोग दुकान के बाहर एकत्रित हुए और झूठालाल को घेर लिया। तुमने हमें धोखा दिया! चाचा गप्पू चिल्लाए। हमारे सपने कहाँ गए? भाभी जी बोलीं। झूठालाल ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹देखो, सपने तो सिर्फ सपने होते हैं। क्या तुम लोगों ने कभी वास्तविकता से सामना किया है? मुझे तो बस पैसे कमाने थे। गांव वाले अब समझ गए थे कि सपनों की दुकान और चुनावों का जाल कितना बड़ा था। सबने मिलकर तय किया कि वे अब अपनी मेहनत पर भरोसा करेंगे, न कि सपनों पर। सपनों की दुकान बंद हो गई, और झूठालाल ने भी वहां से भागने में ही भलाई समझी। लेकिन गांव वालों ने एक नई दुकान खोली, जिसका नाम था हकीकत की पहचान, जहां केवल सच्चाई बेची जाती थी। इस प्रकार, एक और धूर्त व्यक्ति का पदार्फाश हुआ, और गांव ने फिर से अपने पैरों पर खड़े होकर एक नई शुरूआत की। लेकिन क्या ये नई शुरूआत सच में सफलता दिलाएगी? यह तो भविष्य ही बताएगा।

नई थर्ड जेनरेशन होंडा अमेज का भारत में विश्व प्रीमियर

होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज भारत में बहुप्रतीक्षित नई थर्ड जनरेशन होंडा अमेज लॉन्च की। यह कार पहली बार दुनिया में कहीं भी लॉन्च होने से पहले भारत में पेश की गई है। कंपनी द्वारा भारत में वैश्विक प्रीमियर करने का निर्णय यह दिखाता है कि भारत होंडा के लिए कितना खास और महत्वपूर्ण मार्केट है। नई होंडा अमेज को खासतौर से स्टाइलिश, प्रीमियम और आरामदायक कॉम्पेक्ट सेडान के रूप में डिजाइन किया गया है। यह कार खासकर उन युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई है, जो हर मोड़ पर आराम, सफलता और प्रगति की उम्मीद रखते हैं। नई होंडा अमेज को थाईलैंड स्थित होंडा आरएंडडी एशिया पैसिफिक टीम ने विकसित किया है और इसे ₹एलीट बूस्टर सेडान₹ की सोच के तहत तैयार किया गया है। यह कार न केवल बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देती है बल्कि आपके व्यक्तित्व, सफलता और सामाजिक दर्जे को भी बखूबी दर्शाती है। यह कार उन लोगों के लिए है, जो आत्मविश्वास के साथ अपनी उपलब्धियों पर गर्व करते हुए एक प्रीमियम अनुभव चाहते हैं।

शिक्षा

ज्ञान है तो शान है,ज्ञान के सूरज से परे होता अज्ञानता का अंधकार

संजीव ठाकुर

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं' संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा,शिक्षा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई नई-नई गाथाएं लिखीं जाएंगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है'दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है' भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

एक नजर

10 दिसंबर को बैरागीभेडी मड़ई व सांस्कृतिक कार्यक्रम

छुरिया 7 दिसंबर। ग्राम बैरागीभेडी (भोलापुर) मे दिनांक 10 दिसंबर दिन मंगलवार को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। एवं रात्रि में अमलीडीह जिला धमतरी वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। बाजार ठेकेदार योगेश्वर साहू , सरपंच संतोष कुमार कुंजाम ने जानकारी देते हुए मंडाई मेला में अधिक से अधिक संख्या में आसपास के ग्रामीण आने की अपील की।

कृषकों की उम्मीदों में खरी उतरती कृषक उन्नति योजना

दंतेवाड़ा, 7 दिसंबर। राज्य शासन द्वारा वर्तमान कृषि परिदृश्य में परिवर्तनकारी उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की पूर्ति हेतु मार्च 2024 में लांच की गई कृषि उन्नति योजना से लाभ लेने में जिले के किसान भी पीछे नहीं है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना, फसल के काष्त लागत में कमी लाकर कृषकों के आय में वृद्धि करना, उनके सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार, कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में निवेश को प्रोत्साहन देना है। कुल मिलाकर कृषि क्षेत्र को लाभ के व्यवसाय के रूप में पुनर्स्थापित करना। इसका दूरगामी लक्ष्य है। इस प्रकार कृषि उन्नति योजनान्तर्गत वर्ष 2024 में दंतेवाड़ा जिले के 7841 कृषकों को आदानर सहायता राशि 2532.67 लाख रुपये प्रदाय किया गया वर्तमान में इसके अन्तर्गत जिले में पंजीकृत कृषकों की संख्या 16374 है। जिन्हें कृषि उन्नति योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों के खातों में सीधे 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान स अंतर राशि राज्य शासन के द्वारा जमा की जा रही है। इस क्रम में विकासखंड कटेकल्याण के कृषक लच्छू, (पिता सहदेव) द्वारा 120 क्विंटल धान बेचा गया था। जिन्हें 110040 रुपये मिले एवं विकासखण्ड गीदम के कृषक बसंत (पिता रंजन) द्वारा 200 क्विंटल धान बेचा गया। जिन्हें 183400 रुपये मिले तथा महादेव (पिता महांगू) द्वारा 300 क्विंटल धान बेचा गया। जिन्हें 275100 रुपये मिले। ''कृषक उन्नति योजना'' अंतर्गत आदान सहायता राशि जैविक किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। जिससे किसान आत्मनिर्भर बनने के साथ अपने छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पर रहे हैं। जिले के लघु व सीमान्त किसानों के बीच इस योजना ने सार्थकता अर्जित कर ली है। इसलिए जिले के सभी किसान इस महत्त्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन के लिये छ.ग. शासन व प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। इस प्रकार ''कृषक उन्नति योजना'' समग्र कृषि परिवेश के कायाकल्प करने के अपने लाभकारी उद्देश्यों को काफी हद तक अंजाम दे रही है जो किसानों के बीज बोआई से लेकर फसल कटाई तक के कार्यकलापों के नया वजूद देगी।

चितालंका आउटडोर स्टेडियम में महिला टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा

दंतेवाड़ा, 7 दिसंबर 2024। राइसिंग वुमन संस्था'' द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 7-8 दिसंबर को चितालंका आउटडोर स्टेडियम, में महिला टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल आयोजन के तहत प्रथम प्रदर्शन मैच अधिकारी कर्मचारी के मध्य खेला जाएगा। इस के अलावा इस स्पर्धा में क्रिकेट टीम्स शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, कोर्ट 11, क्वीन 11, एलआईसी वुमन, ट्रायबल बीजापुर, सिविल, विंग्स वुमन जेडीपी, भिलाई ड्रीम 11, कोतवाली, एकलव्य बीजापुर, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं कुआकोंडा की टीमें भाग लेगी। इसके अलावा इस आयोजन में महिलाओं हेतु ''बाटी, चम्मच, कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी रखी गयी है। साथ ही साथ आनंद मेला का भी आयोजन इस स्पर्धा के दौरान होगा। महिला टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा में विजेता टीम हेतु प्रथम पुरस्कार 31 हजार व द्वितीय पुरस्कार 21 हजार तथा तीसरे स्थान आने वाली टीम को 11 हजार रुपये दिए जाएगें।

भौतिक शास्त्र में कोचिंग के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा, 7 दिसंबर। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में संचालित ''छू लो आसमान'' पी.ई.टी., पी.एम.टी आवासीय कोचिंग सेंटर बालूद में कक्षा 11 वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को नीट, जेईबी कोचिंग हेतु शैक्षणिक सत्र 2024-25 में लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षक (भौतिक शास्त्र) एवं वॉक-इन-इंटरव्यू 1 पद हेतु हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस संबंध में निर्धारित अहंताओं पूर्ण करने वाले आवेदक 13 दिसंबर को ''छू लो आसमान बालक आवासीय विद्यालय संस्थान बालूद में उपस्थित हो सकते है। इस संबंध में आवष्यकषैक्षणिक योग्यता एमएससी, बीई,बीटेक, या एमटेक तथा वांछनीय योग्यता आईआईटी, एनआईटी, आईआईएसईआर, आईआईएस, एनआईएसईआर से या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से उत्तीर्ण होना निर्धारित किया गया है। इसके अलावा मान्यता प्राप्त संस्थान से कोचिंग कार्य अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी।

अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद के लिए 9 दिसम्बर और टेक्नीकल, क्लर्क, ट्रेडमेन पदों के लिए 11 को शारीरिक दक्षता परीक्षा

धमतरी 7 दिसम्बर। अग्निवीर भर्ती के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ स्थित स्टेडियम में भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी श्रीमती पुष्पा चौधरी ने बताया कि अग्निवीर (थलसेना) लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। धमतरी जिले के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद के लिए 9 दिसम्बर और अग्निवीर टेक्नीकल, क्लर्क, ट्रेडमेन पदों के लिए 11 दिसम्बर को शारीरिक दक्षता परीक्षा निर्धारित है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा धमतरी जिले के अभ्यर्थियों के लिए केवड़ा बाड़ी मंगल भवन (मो.नं. 91311-14182), हैम बसेरा केवड़ा बाड़ी बस स्टैण्ड नया/पुराना (मो.नं. 79996-21447) और बेलादुला खरीघाट मंगल भवन (मो.नं. 73893-98153) में निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई।

बस्तर सांसद ने 5 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 7 दिसंबर। बस्तर लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद बस्तर सांसद महेश कश्यप लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों व कार्यकर्तओं से मुलाकात कर रहे हैं। सांसद कश्यप ने शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस्तर विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांव में कई विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। आपको बता दे कि सांसद महेश कश्यप ने अपने कार्यकाल के प्रथम 50 लाख रु के 5 विकास कार्यों का आज भूमिपूजन किया है।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार देश व प्रदेश में लगातार विकास कर रही है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा सभी वर्ग की चिंता कर रही है। मोदी सरकार देश के लोगों को आवास, शौचालय, अनाज, गैस कनेक्शन, बिजली, पानी सड़क आदि देने का काम कर रही है। सांसद श्री कश्यप ने बस्तर विधानसभा के अंतर्गत में सांसद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन,सीसी सड़क,स्कूल में आहता निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया है।

निर्माण कार्य

(1) बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने सांसद निधि से ग्राम पंचायत मधोता -1 में 10 लाख रुपए के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया है। (2) ग्राम पंचायत उरी में कोटवार घर से पदम घर तक 220 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य जिसकी लागत 7.007 रु है। (3)ग्राम पंचायत मधोता -2 में प्राथमिक शाला एवं उच्च माध्यमिक शाला हेतु आहता निर्माण कार्य जिसकी लागत मूल्य 14.50 है। (4) मोहली -2 में आश्रित ग्राम रामपाल में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया है। जिसकी अनुमानित लागत 5 लाख रुपए है। (5)प्राथमिक शाला ओडारगुड़ा में डेढ़ सौ मीटर आहता निर्माण कार्य का भूमि पूजन बस्तर सांसद ने किया है। जिसकी अनुमानित लागत 6 लाख रुपए है।

बालक आश्रम गदापाल में छात्रों की दर्ज संख्या 90, गिनती में मिले 50 छात्र

- आश्रम की टीन शेड की छत सड़ने से बारिश में जगह-जगह टपकता है पानी
- 100 सीटर आश्रम में मात्र 8 शौचालय, 10 अतिरिक्त शौचालय की मांग
- आश्रम में कम्प्यूटर नहीं, बच्चों ने कहा हमें भी कम्प्यूटर सीखना है.
- आश्रम में लगा सीसी कैमरा भी सालों से है खराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 7 दिसंबर। दंतेवाड़ा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत गदापाल में स्थित 100 सीटर आदिवासी बालक आश्रम में रहने वाले छात्रों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गदापाल जिले का एक दुरस्त ग्रामीण अंचल है जहां आज भी कई समस्याएं विद्यमान हैं। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित इस आश्रम में पहली से लेकर 8वीं कक्षा तक के छात्र यहां रहकर पढ़ाई करते हैं। इस छात्रावास में छात्रों की दर्ज संख्या कुछ और है वास्तविक छात्रों की संख्या कुछ और।

एक ओर शहरों में शैक्षणिक व्यवस्था लगातार सालों साल हाईटेक होती जा रही है। शहरी छात्र हर प्रकार के काम्प्टीशन में आगे बढ़ रहे हैं तो वहीं ग्रामीण इलाकों में रहकर पढ़ने वाले छात्र आज भी पिछड़े हुए हैं। प्रदेश में संचालित सरकारी स्कूलों व आश्रमों की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। आदिवासी बच्चों के बेहतर शिक्षा व्यवस्था एवं गुणवत्ता सुधार के लिए सरकारें करोंडों खर्च कर रही है मगर जमीनी स्तर पर बस्तर अंचल के दुरस्थ क्षेत्रों में आश्रमों में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वालों आदिवासी बच्चों की

स्थिति में कोई बदलाव होता नहीं दिख रहा। दशकों बीत गए मगर हालात जस के तस बने हुए हैं।

बीते रविवार को गदापाल के आदिवासी बालक आश्रम की स्थिति जानने संवाददाता ने जब आश्रम में पहुंच एक सामान्य अवलोकन किया तो आश्रम में कई सारी कमियां, खामियां देखने को मिली। सौ सीटर इस आश्रम में छात्रों की दर्ज संख्या तो 90 है मगर गिनती करने पर केवल 50 छात्र ही निकले। बाकी के 40 छात्र कहां है पुछने पर अधीक्षक महोदय कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। इस तरह के हालात अमूमन अंदरूनी क्षेत्रों के आश्रमों में देखने को मिलती है। खैर, हमने आश्रम में रहने वाले छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में पुछा तो छात्रों ने बेहिचक बताया कि भोजन तो मीनु के हिसाब से दिया जाता है, खाने की कोई समस्या नहीं लेकिन आश्रम के हॉल एवं कमरों में बारिश के दिनों में जगह जगह पानी टपकता है जिससे हमें काफी परेशानी होती है। दरअसल आश्रम की छत टीन शेड की है और सालों पुरानी है जिससे टीन में जंग लग चुकी है और टीन शेड सड़ जाने की वजह से उसमें जगह जगह छेद हो गया है जहां से बारिश का पानी अंदर रिसकर टपकता है। छात्रों ने दुसरी समस्या यह बताई की 100 सीटर इस आश्रम में केवल 8 शौचालय ही बने हैं छात्रों की संख्या ज्यादा है लिहाजा और 10 शौचालय बनाये जाने की मांग छात्रों की है। आश्रम में सीसी कैमरा तो लगाया गया है मगर ये केवल दिखावे के लिए है जब कम्प्यूटर ही नहीं तो कैमरा रिकार्ड कहा से करेगा। छात्रों ने कहा कि उन्हें भी और बच्चों की तरह कम्प्यूटर सीखने की इच्छा है लेकिन उनके आश्रम में कम्प्यूटर की कोई व्यवस्था नहीं है कुछ वर्ष पहले आश्रम में 4 कंप्यूटर लगाए गए थे जो सालों पूर्व खराब हो चुका है जिसे आज तक सही नहीं कराया गया है। जिससे छात्र कंप्यूटर सीखने से वंचित हो रहे हैं। आज कंप्यूटर का युग है शहरों के स्कूलों में अलग से कम्प्यूटर क्लासेस लगते हैं मगर हमारे लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। छात्रों की डिमांड थी कि उनके आश्रम में भी कंप्यूटर एवं टीवी की व्यवस्था की जए जिससे कि यहां रहकर पढ़ाई के साथ साथ छात्र कंप्यूटर का ज्ञान भी हासिल कर सकें वहीं खाली समय में टीवी में न्यूज वगैरह देखकर देश दुनिया की खबरों से भी अपडेट रहें। पहले आश्रम में टीवी लगी थी जो चोरी हो गई थी जिसके बाद से अब तक नया एलईडी आज तक नहीं लगाया गया है।

> आश्रम की शेड काफी पुरानी होने से उसमें जंग लग गई है। हम जल्द ही इस्टीमेट बनाकर खराब शेड को निकालकर नई प्रोफाईल शीट लगवाएंगे। अतिरिक्त शौचालय भी बनवाया जाएगा। अधीक्षक से चर्चा कर खराब कंप्यूटर को भी जल्द से जल्द ठीक करवाएंगे। छात्रों को हर तरह की सुविधा मिले इसका पुरा ख्याल रखा जाएगा। मैं विभागीय कार्य से बाहर हूं आते ही आश्रम में व्याप्त समस्याओं का समाधान करेंगे।
>
> (के.एस. मशराम)
> महायक आयुक्त
> आदिवासी विकास विभाग, दंतेवाड़ा

समाचार संक्षेप

स्मित श्रीवास्तव को मिला कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान

रायपुर 7 दिसंबर। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान प्राप्त हुआ है। इसी के साथ यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. स्मित श्रीवास्तव। डॉ. स्मित श्रीवास्तव को आज लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला है। उन्हें एफसीएसआई प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित फैलोशिप दीक्षांत समारोह में भारत के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि थे। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं। इसके अलावा डॉ. स्मित को 05 से 08 दिसंबर को आयोजित कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के 76 वें वार्षिक सम्मेलन की वैज्ञानिक समिति में राष्ट्रीय संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया है। विदित हो कि कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का मुख्य लक्ष्य कार्डियोवैस्कुलर रोगों (सीवीडी) और उसके बाद होने वाली मृत्यु दर की रोकथाम और उन्मूलन की दिशा में काम करना है। इसका उद्देश्य लोगों में कार्डियोवैस्कुलर रोगों के कारणों और प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह सोसाइटी पर्यावरण और जीवनशैली के साथ कार्डियोवैस्कुलर रोगों के सह-संबंध के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता के स्तर को बढ़ाने की दिशा में काम करता है। सोसाइटी का वर्तमान ध्यान गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और कार्डियोवैस्कुलर रोगों की रोकथाम के लिए बाद के नए मार्गों पर है।

नवीन औषधि अनुज्ञप्ति के संबंध में कार्यशाला संपन्न

दंतेवाड़ा 7 दिसंबर। भारत सरकार द्वारा नवीन औषधि अनुज्ञप्ति के संबंध अन्य परिवर्तन हेतु नवीन सॉफ्टवेयर प्रवर्तित किया गया है, जिसकी जानकारी देने खाद्य एवं औषधी प्रशासन द्वारा कार्यशाला का आयोजन पुराने ग्रंथालय में किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले भर के दवा विक्रेता शामिल हुए। कार्यशाला की शुरूआत में सहायक औषधि नियंत्रक महेश कुमार नागवंशी, दवा विक्रता संघ के जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा सचिव गोपाल मण्डल समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। नए सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी देते हुए औषधि निरीक्षक प्रशांत सिवना एवं चंद्रभान सिंह मरावी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस नवीन सॉफ्टवेयर से दवा विक्रेताओं को अब लायलेंस प्राप्त करने में आसानी होगी साथ ही अब घर बैठे ही इस सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल नवीन औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त करने आवेदन कर सकते हैं। इस कार्यशाला के माध्यम नए सॉफ्टवेयर को किस तरह से बनाया गया है साथ ही उसका उपयोग कैसे करना है इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। आयोजन के दौरान दवा विक्रेता संघ की ओर से खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग को कलर प्रिंटर प्रदाय भी किया गया। अंत में संघ के जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा द्वारा कार्यशाला में शामिल हुए सभी पदाधिकारी एवं दवा विक्रेताओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान दवा विक्रेता संघ के कोषाध्यक्ष अहद अहमद सिद्दीकी, उपाध्यक्ष निर्मल कलोनी, सह सचिव क्रांति प्रकाश चौहान, उमेश गुज्जा, राजेन्द्र मिश्रा, पी. दिनेश, उत्तम पाल, प्रवीण भदौरिया, अक्की, कवि सिन्हा सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट उपस्थित थे।

जैविक बस्तर की दिशा में रोड मैप पर हुई परिचर्चा

दंतेवाड़ा, 7 दिसंबर। आज जावंगा ऑडिटोरियम में आयोजित ''ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव'' 2024 के दौरान देश के विभिन्न प्रदेशों से आए जैविक कृषि विशेषज्ञों एवं विपणन फर्म प्रतिनिधियों जैसे टाटा समूह के बिग बास्केट, सुपर मार्केट, नाबार्ड, इत्यादि तथा जिले के कृषि अधिकारियों के मध्य बस्तर क्षेत्र में जैविक कृषि उत्पादों के खरीद बिक्री, मांग आधारित बाजार, वनीय बागानी, और अन्य कृषि उत्पादों के भण्डारण, प्रसंस्करण, व विपणन के साथ-साथ कृषिगत मशीनरी के उपयोग कृषि वस्तुओं के आवागमन के संबंध में परिचर्चा का आयोजन भी हुआ। परिचर्चा में कृषि विपणन के महत्व को दशांते हुए बताया गया कि कृषि विपणन के अनतर्गत वे सभी सेवाएँ आ जाती हैं जो कृषि उपज को खेत से लेकर उपभोक्ता तक पहुँचाने में करनी पड़ती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की अर्थव्यवस्था में कृषि की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। देश की राष्ट्रीय आय, रोजगार, जीवन-निर्वाह, पूंजी-निर्माण, विदेशी व्यापार, उद्योगों आदि में कृषि की सशक्त भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। यही कारण है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के सराहनीय योगदान होने के साथ-साथ विश्व में भी कृषि क्षेत्र में साख बनी हुई है। इसे देखते हुए बस्तर क्षेत्र की जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों को देखते हुए, जैविक खेती की अपार संभावनाएं हैं। यह न केवल किसानों की आय में वृद्धि कर सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और उपभोक्ताओं के लिए स्वस्थ खाद्य उत्पादों को सुनिश्चित करने में भी मदद करती है। ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव के द्वितीय चरण में भारत सरकार के द्वारा संचालित वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम अंतर्गत जैविक खेती की संभावनाओं पर विचार-विमर्श। किसानों की चुनौतियों को समझने और उनका समाधान निकालने। जैविक उत्पादों के बाजार तक पहुँच के उपायों पर फोकस किया गया था। इसके साथ ही जैविक खेती के महत्व, पर्यावरण, के लिए लाभप्रद (जैसे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना, जल संरक्षण)।

भोलापुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख की स्वीकृति

- ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 7 दिसंबर। ग्राम भोलापुर वि.ख.छुरिया जिला राजनांदगांव के ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों सर्व समाज सामुदायिक भवन निर्माण की मांग उपमुख्यमंत्री व राजनांदगांव जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को रायपुर मे किया था। ग्राम भोलापुर विकासखंड छुरिया जिला राजनांदगांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.00 लाख की राशि स्वीकृति प्रदान की है । इस पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी एवं उपमुख्यमंत्री व राजनांदगांव जिले की प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञप किया । साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी

साहू, जिला भाजपा के महामंत्री रविंद्र वैष्णव , जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा एम.डी ठाकुर , श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरिया अजय पटेल ,मंडल महामंत्री संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू के प्रति धन्यवाद व्यापित किया। धन्यवाद व्यापित करने वालों में रूखम प्रसाद पाण्डेय सरपंच भोलापुर, मोहित राम सिन्हा ग्राम पटेल, हेम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर ,शीशुपाल साहू अध्यक्ष अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति भोलापुर, सोहन साहू अध्यक्ष भाजयुमो छुरिया , लखन साहू, पोखन साहू ,पंचराम साहू, भोजेश चतुर्वेदी, दुकालू राम साहू

सकल जैन समाज करेगा महामंत्र नवकार जाप

रायपुर 7 दिसंबर। सकल जैन समाज समाहित नवकार जाप ग्रुप द्वारा जैन धर्म के शाश्वत मंत्र जो जैन धर्म की प्रत्येक मान्यताओं में एक रुपेण मान्य है आधारित नवकार महामंत्र के जाप का आयोजन सकल जैन समाज को एक सूत्र में पिरोने के ध्येय को लेकर प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को किया जाता है। उपरोक्त जाप रविवार 08 दिसंबर 2024, रविवार को सुबह 9 से 10 बजे तक तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के साथ संयुक्त रुप में नवकार जाप ग्रुप द्वारा तेरापंथ अमोलक भवन, सदर बाजार में किया जायेगा। जाप के विषय में जानकारी देते हुए तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर अध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि जाप में साधु भगवंत श्री विनय कुशल मुनि गणी व दीर्घ तपस्वी श्री विराग मुनि जी आदि साधुओं व साध्वियों का सान्निध्य भी प्राप्त हो सकेगा। महामंत्र नवकार आदि-व्याधियों का निवारण/उपचार करने वाला है।

जैविक कृषि के पुरोधा के रूप में जिला दंतेवाड़ा करेगा प्रदेश का नेतृत्व, जिले के कृषकों की सामुदायिक सहभागिता प्रशंसनीय

जैविक कृषि की उपलब्धियों का उत्सव ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कान्क्लेव का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 7 दिसंबर। जिले के कृषि परिदृश्य में जैविक कृषि की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के उद्देश्य से ऑडिटोरियम जावंगा में आज ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कान्क्लेव का गरिमापूर्ण शुभारंभ आयुक्त एवं सचिव कृषि श्रीमती शहला निगार द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के जैविक कृषि विशेषज्ञ जैविक कृषि से जुड़े विपणन संस्थाएं, फर्म प्रतिनिधि मंडल सहित कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, एवं भूमगादी संस्था के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर संबोधन में कृषि आयुक्त ने कहा कि इस कान्क्लेव के आयोजन का पूरा श्रेय जिले के कृषकों के जैविक कृषि की उपलब्धियों का जाता है। उनकी सामूहिक सहभागिता ने ही दंतेवाड़ा जिले को देश के जैविक कृषि के नक्शे पर एक महत्वपूर्ण

स्थान दिलाया है। पूर्व में हम मात्र खाद्य सुरक्षा की ही चर्चा करते थे परन्तु अब पोषण सुरक्षा का अधिक महत्व हो गया है। और जैविक कृषि मानव स्वास्थ्य पोषण सूचकांक से सीधे तौर पर जुड़ा है। आखिरकार हमारा स्वास्थ्य वहीं से बनता है जो हम खाते है। इस प्रकार स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा में जैविक कृषि की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्हें प्रसन्नता है कि जिले के कृषकों द्वारा पीढ़ियों से पारंपरिक कृषि के माध्यम से जैविक कृषि को संरक्षित किया गया है। जैविक कृषि में सामुदायिक सहभागिता ने ही दंतेवाड़ा जिले को महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। कोई आश्चंय नहीं कि दन्तेवाड़ा जिला ही प्रदेश में जैविक कृषि का प्रतिनिधित्व करेगा। इस संबंध में उन्होंने संभावित चुनौतियों जैसे कृषकों के सोच में परिवर्तन, खेतों में असमतल होने के कारण कलस्टर निर्माण एवं बफर जोन तैयार करने जैविक खेती के लिए मार्केटिंग, प्रमाणीकरण की जटिलता, प्रोसेस का जटिलता पर भी विचार करने का आग्रह भी किया। उन्होंने आगे कहा कि जैविक कृषि क्षेत्र की लगातार निगरानी, कृषकों से वार्तालाप, उनकी समस्याओं की तुरन्त समाधान, जैविक उत्पादों के मार्केटिंग तथा किसानों को उत्पादों के लाभांश के संबंध में रणनीति बनाई जानी चाहिए। इसके पूर्व कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने दंतेवाड़ा के जैविक जिले के रूप में विकास यात्रा के रूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में जो उपलब्धियां जैविक कृषि के रूप में जिले ने अर्जित की है यह सामुदायिक प्रयास का सर्वोत्तम उदाहरण है। आजादी के बाद कई सालों तक दंतेवाड़ा में खेती में ज्यादा रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग नहीं हुआ। यहां की खेती में रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का कम असर था, जिससे मिट्टी की सेहत और प्राकृतिक संतुलन बना रहा। पुराने खेती करने के तरीके, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलते आ रहे थे, जैविक खाद और प्राकृतिक चीजों पर आधारित थे। जब भारत में हरित क्रांति के साथ ज्यादा पैदावार देने वाली फसलें और रासायनिक खादें आई, तब भी दन्तेवाड़ा जिला ने इनसे दूरी बनाए रखी और जिले में पारंपरिक जैविक तरीकों से 1 ही खेती की जा रही है। इसी वजह से यहां जैविक खेती के लिये अच्छा माहौल बना रहा।

THE THIRD SCHEDULE
(See section 29)
FORM A

NAGRIK SAHAKARI BANK LTD., RAIPUR (C.G.)

BALANCE SHEET

YEAR 2023-2024 **Dt.31-03-2024**

(Rs.in thousand)

Capital & Liabilities	Schedule	CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
Capital	1	31,684	28,502
Reserves and Surplus	2	1,38,928	1,80,186
Deposit	3	19,41,118	18,74,379
Borrowing	4	-	-
Other Liabilities	5	24,607	57,199
Total		21,36,337	21,40,266

Assets		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
Cash and balances with RBI	6	11,350	14,009
Balance with banks and money at call and short notice	7	3,33,004	8,09,553
Investments	8	11,45,094	7,43,239
Advances	9	6,15,503	4,82,908
Fixed Assets	10	10,645	11,582
Other Assets	11	20,741	78,975
Total		21,36,337	21,40,266
Contigent liabilities	12	29,599	12,881

For Nagrik Sahakari Bank Ltd., Raipur

For, P.C.BAFNA & CO.
Chartered Accountants

G.S.Upadhyay
Manager(Acct.)

Abhishek Dubey
CEO

CA Sunil Kashyap
Partner
M.no. 075681

Director

Director

Harmeet Singh Hora
President

THE THIRD SCHEDULE
(See section 29)
FORM B

Nagrik Sahakari Bank Ltd., Raipur (C.G.)

Profit & Loss Account

YEAR 2023-2024 **Dt.31-03-2024**

(Rs.in thousand)

I. Income		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
Interest & Discount	13	1,38,979	1,14,608
Other Income	14	4,808	13,911
Grand Total		1,43,787	1,28,519

II. Expenditure		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
Intt. Paid on Deposit	15	73,363	71,878
Operating Expense	16	60,599	54,905
Total		1,33,962	1,26,783

III. Profit & Loss	CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
Profit/Loss	9,825	1,736
Profit/Loss(-) brought forward	11,410	10,302
Total	21,235	12,038

For Nagrik Sahakari Bank Ltd., Raipur

For, P.C.BAFNA & CO.
Chartered Accountants

G.S.Upadhyay
Manager(Acct.)

Abhishek Dubey
CEO

CA Sunil Kashyap
Partner
M.no. 075681

Director

Director

Harmeet Singh Hora
President

SCHEDULE - 1		BALANCE	
CAPITAL		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	CAPITAL Authorised Capital Individuals 1000000 share of Rs. 100/- each 10,00,00,000/-	25446	25268
ii)	Share Nominal	108	106
iii)	Share DMT	2129	2129
	Total	31684	28502

SCHEDULE - 2		BALANCE	
Reserves & Other Funds		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Reserve Funds	33318	32894
ii)	Building Funds	16891	16544
iii)	Bad & Doubtful Fund	24915	24567
iv)	Gratuity Fund	2069	2035
v)	Employees Welfare Fund	1793	1758
vi)	Charitable Fund	845	845
vii)	Devident Equlization Fund	2035	2035
viii)	Special Bad & Doubtful Fund	26200	24200
ix)	Development Fund	3400	3400
x)	Contigent Standard Assets	3000	1500
xi)	Investment Fictuation Fund	2227	2227
xii)	Pro. Spl. Bad & Doubtful Intt. Fund	0	55153
xiii)	Covind 19Fund	1000	1000
xiv)	Profit & Loss Account	21235	12038
	Total	138928	180186

SCHEDULE - 3		BALANCE	
Deposit		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Compulsary Deposit	0	0
ii)	Fixed Deposit	848633	844798
iii)	Saving Deposit	985185	939098
iv)	Current Deposit	95616	79423
v)	Recurring Deposit	11684	11060
vi)	CC LIMIT A/C	0	0
vii)	RBI Dormat A/C	0	0
	Total	1941118	1874379

SCHEDULE - 4		BALANCE	
Borrowings		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)		0	0

SCHEDULE - 5		BALANCE	
Other Liabilities		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Ila Sahakari Sangh Chanda	290	200
ii)	Audit Fees Payable	190	177
iii)	F.D. & R.D. Intt. Payable	0	49645
iv)	Devidend Payable	1184	1184
v)	Sundry Account	747	296
vi)	Pay Order Payable	17640	2950
vii)	SD Tax dedction at Source	468	825
viii)	C/C CREDIT BAL	0	545
ix)	Sundry account others	3259	674
x)	INCA	707	701
xi)	Branch Adjustment	0	0
xii)	GST	91	0
xiii)	Deaf	31	0
	Total	24607	57199

SCHEDULE - 6		BALANCE	
Cash and balances with RBI		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
Cash in hand		11350	14009
RBI		0	0
	Total	11350	14009

SCHEDULE - 7		BALANCE	
Balance with banks and money at call & short notice		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	FD with HDFC Bank	5786	5500
ii)	FD with P. & Sindh Bank, Raipur	25000	60200
iii)	FD with AXIS Bank, Raipur	0	85000
iv)	FD with P.N. Bank, Raipur	0	50000
v)	Call Money/Short Notice	30000	174000
vi)	FD with Yes Bank, Raipur	50000	50000
vii)	FD with RBL Bank, Raipur	0	50000
viii)	FD with Bank Of Baroda	0	90000
ix)	FD with DCB Bank, Raipur	0	50000
x)	FD with Indian Bank, Raipur	50100	50100
xi)	FD with IFDC First Bank, Raipur	0	30000
xii)	FD with Fincare Small Fin. Bank	19500	0
xiii)	SB with D.Co-Op.Bank (Main)	211	211
xiv)	Current A/c with C.G.R.S.Bank Raipur	131	131
xv)	Current A/c with C.G.R.S.Bank H.O.Raipur	685	685
xvi)	Current A/c with S.B.I.Raipur	513	521
xvii)	Current A/c with P. & S. Bank	53895	23315
xviii)	Current A/c with SBI Dhamtari	17	17018
xix	Current A/c with IDBI Bank Raipur	100	9000
xx	Current A/c with HDFC Bank Raipur	33829	5358
xxi	Current A/c with Clg.A/C HDFC Bank Raipur	10526	12405
xxii	Current A/c with DCCBank Dhamtari	1230	1027
xxiii	Current A/c with P.N. Bank Raipur	47500	35743
xxiv	Current A/c with HDFC Bank ATM	3389	4026
xxv	Current A/c with Bank Of India	0	4794
xxvi	Current A/c with Axis Bank	592	519
	Total	333004	809553

SCHEDULE - 8		BALANCE	
Investments		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Central Govt. Security	962675	563238
ii)	Co-Op Bank Raipur	1	1
iii)	HDFCMutual Fund	142316	140000
iv)	LIC Mutual Fund	30079	30000
v)	TATAMUtual Fund	10023	10000
	Total	1145094	743239

SCHEDULE - 9		BALANCE	
Advances		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	General Loan	565054	434919
ii)	Over Draft	0	0
iii)	Cash Credit	48393	44926
iv)	Staff & Other	249	332
v)	C.P.F. Advance	1341	2014
vi)	Staff Overdraft	466	715
	Total	615503	482908

SCHEDULE - 10		BALANCE	
Fixed Assets		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Land	83	83
ii)	Building	9451	10502
iii)	Furniture & fixture	1111	997
	Total	10645	11582

SCHEDULE - 11		BALANCE	
Other Assets		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Stationary	89	332
ii)	Sundry Debitors	30	1088
iii)	DEA FUND	0	0
iv)	Interest Receivable	0	55153
v)	Bills Receivable	0	0
vi)	Br. Adjustment	6535	250
vii)	Investment Intt.Receveable	13991	20801
viii)	Advance Tax	0	1300
ix	Input TaxCredit	96	51
	Total	20741	78975

SCHEDULE - 12		BALANCE	
Contigent Liability		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i	DEA Fund	29599	12881
	Total	29599	12881

SCHEDULE - 13		BALANCE	
Interest & Discount		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Fixed Deposit	27333	35347
ii)	Intt.Rec. on Saving Account	0	127
iii)	Intt. Rec. on C.C. & O.D.	4003	6222
iv)	Intt.Rec. on General Loan	38628	28710
v)	Govt.Security Intt.	47604	33178
vi)	Mutual Fund INTT.	13825	9266
vii)	Call/Sort Notice INTT.	7586	1758
	TOTAL	138979	114608

SCHEDULE - 14		BALANCE	
Other Income		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Bank Commission	223	332
ii)	I/c & Duplicate Pass Book	1723	2279
iii)	Enterance Fee	2	2
iv)	Locker Rent	665	328
v)	Other Income	43	140
vi)	Processing Charge	1864	2286
vii)	Loan Application Form	35	42
viii)	Atm Charge	253	325
ix)	Profit ON Govt.Security Sale	0	175
x)	Bad &Doutful Fund Refund	0	8000
	TOTAL	4808	13911

SCHEDULE - 15		BALANCE	
Intt. Paid on Deposit		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Intt. Paid on F.D. & R.I.Deposit	47121	47615
ii)	Intt. Paid on Compulsary Deposit	0	157
iii)	Intt. Paid on Saving Deposit	25409	23386
iv)	Intt. Paid on Reccurring Deposit	833	720
	TOTAL	73363	71878

SCHEDULE - 16		BALANCE	
Operating Expense		CURRENT YEAR 2024	PREVIOUS YEAR 2023
i)	Salary & Allowances	32482	30031
ii)	Tour Allowance	16	8
iii)	Employee WelFare	1	1
iv)	Director Meeting Allowance	86	103
v)	Building Rent	1347	1239
vi)	Insurance	6517	5594
vii)	Electrical Exp.	711	652
viii)	Income Tax	6416	1278
ix)	Court Expenses	236	18
x)	Telephone Exp.	100	52
xi)	Pro.Standard Assets	1500	0
xii)	Audit Fees	177	204
xiii)	Depreciation	1382	1538
xiv)	Stationary & Printing	290	182
xv)	Advertising	14	14
xvi)	Contt.& Office Exp.	2705	1993
xvii)	A.G.M.Exp.	95	93
xviii)	Computer Hardware Maintenance	228	121
xix	Ila Sahakari Sangh Chanda	90	130
xx	Petrol Exp.	0	0
xxi	Service Tax	625	509
xxii	Internal Audit Expence	392	207
xxiii	Core BankingSolution	2974	2693
xxiv	Govt.Security Loss	15	66
xxv	Penalty RBI	0	10
xxvi	SPL Baddoutful Fund	2000	0
xxvii	Unsecured LoanWrite off	0	8169
	TOTAL	60599	54905

For Nagrik Sahakari Bank Ltd., Raipur

For, P.C.BAFNA & CO.
Chartered Accountants

G.S.Upadhyay
Manager(Acct.)

Abhishek Dubey
CEO

CA Sunil Kashyap
Partner
M.no. 075681

Director

Director

Harmeet Singh Hora
President

P.C. BAFNA & CO.
Chartered Accountants

Bafna House, House No. 3/541,
Choubey Colony,
Raipur, (C.G.) 492001
Email:pcbafnaco@rediffmail.com

Independent Auditors' Report

To,
The Members,
NAGRIK SAHAKARI BANK LIMITED RAIPUR

1. We have audited the accompanying financial statements of **NAGRIK SAHAKARI BANK LTD., RAIPUR,** which comprise the Balance Sheet as at 31st March 2024 and the Statement of Profit and Loss Account, and the Cash Flow Statement for the year ended and a summary of significant accounting policies and other explanatory information. The returns of 5 branches audited by us are incorporated in these financial statements.

Management's Responsibility for the Financial Statements:

2. Management is responsible for the preparation of these financial statements that give a true and fair view of the financial position, financial performance and cash flow of the Bank in accordance with Banking Regulation Act 1949 (as applicable to Co-operative societies), the guidelines issued by the Reserve Bank of India and the guidelines issued by the Registrar of Cooperative Societies, Chhattisgarh, the Chhattisgarh Co-Operative Societies Act, 1960, and the Chhattisgarh Co- Operative Societies Rules, 1960, (as applicable) and generally accepted accounting principles in India so far as applicable to the Bank. This responsibility includes the design, implementation and maintenance of internal control relevant to the preparation of the financial statements that are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

Key Audit Matters

3. Key audit matters are those matters that, in our professional judgment, were of most significance in our audit of the Ind AS financial statements of the current period. These matters were addressed in the context of our audit of the Ind AS financial statements as a whole, and in forming our opinion thereon, and we do not provide a separate opinion on these matters. 1

[Description of each key audit matter in accordance with SA 701]

Auditor's Responsibility:

4. Our responsibility is to express an opinion on these financial statements based on our audit. We conduct our audit in accordance with Standards on Auditing issued by Institute of Chartered Accountants of India. Those Standards require that we comply with ethical requirements and plan and perform the audit to obtain reasonable assurance about whether the financial statements are free from material misstatements.
5. An audit involves performing procedures to obtain audit evidence about the amounts and disclosures in the financial statements, whether due to fraud or error. In making those risk assessments, the auditor considers internal control relevant to the Bank's preparation and fair presentation of the financial statements in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances, but not for the purpose of expressing an opinion on effectiveness of the entity's internal control. An audit also includes evaluating the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of the accounting estimates made by management as well as evaluating the overall presentation of the financial statements.
6. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our audit opinion.

Opinion

7. In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the financial statements together with the Notes thereon give the information required by the Banking Regulation Act, 1949 (as applicable to Co-operative societies) The Chhattisgarh Cooperative Societies Act, 1960 and the guidelines issued by the National Bank for India and Registrar of Cooperative societies in the manner so required and give a true and fair view in conformity with the accounting principles generally in India : 2
   (i) In the case of the Balance Sheet, of the state of affairs of the Bank as at 31st March 2024.
   (ii) In the case of the Profit and Loss Account of the profit for the year ended on that date.

Report on Other Legal & Regulatory Requirement:

8. The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in Forms "A" and "B" respectively of the Schedule to the Banking Regulation Act, 1949 and provisions of the Chhattisgarh Co-operative Societies Act, 1960 and Chhattisgarh Co-operative Societies Rules 1960.
9. **We Report That**:
   a) We have obtained all the information and explanation, which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit and have found them to be satiisfactory.
   b) In our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as it appears from our examination of those books and proper returns adequate for the purpose of our audit have been received from the branches/ offices.
   c) The transactions of the bank, which have come to our notice, have been within the power of the bank.
   d) The Balance Sheet and Profit and Loss Account dealt with by this report, are in agreement with the books of account and the returns.
   e) The accounting standards adopted by the Bank are consistent with those laid down by accounting principles generally accepted in India so far as applicable to Banks.
10. GST Reports for input purpose is not getting generated from CBS system hence needs improvement. Currently the reports are getting prepared manually; however, such reports should be generated through CBS.
11. Non-Disclosure of Prior Period items: The nature and amount of prior period items should be separately disclosed in the not to accounts forming part of Balance sheet and statement of profit and loss in a manner that their impact to the current year profit or loss can be perceived, but no such disclosure is made by the bank. 3
12. On verification of GST Return and financial Statements we observe that, some difference in September 2023 and October 2023, and Goods & Service Tax as mentioned at financial Statement other liability Rs. 90,748.80 and other assets Rs. 95778.13, difference amount (Rs. 90,748.80- Rs. 95,778.13) Rs. 5,029.33 input tax credit but in GST return Credit Ledger shown Rs. 13,160.00 input tax credit, however there is a difference between the GST and Books of account, The GST reconciliation between books of account has not made by the bank, hence we are unable to create an opinion on the same.
13. Bank was working on CBS software by C-Edge Technologies Private Limited till 26/01/2024 this year and then after they have been migrated to new CBS by Stellar Informatics Pvt. Ltd; after migration from old to new CBS, the accuracy of data has been checked by the bank but in our opinion, bank should go for migration audit.
14. Last year the provision amount for audit fees payable was Rs. 177000.00 whereas this year only Rs. 163500.00 was to be paid, remaining amount was Rs. 13500.00 and this year again provision of Rs. 177000.00 has been made, its over provisioning of audit fees.

Date: 26.06.2024
Place: Raipur

For, P.C. BAFNA & CO.
Chartered Accountants

CA Sunil Kashyap
Partner
M.no. 075681

अंतर्राष्ट्रीय कला उत्सव में छत्तीसगढ़ी रंगोली दुलदुला लोकमंच की मनमोहक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 7 दिसम्बर। उड़ीसा पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कला उत्सव में मनहरण साहू छत्तीसगढ़ी रंगोली दुलदुला लोकमंच द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दिया गया जिसमें देश-विदेश के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति से उत्सव में और रौनक बढ़ गया मनहरण साहू ने बताया कि कम उम्र में ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति की प्रस्तुति देने का अवसर प्राप्त हुआ तथा 1100 से अधिक रंग मंचों में सफ्लतापूर्वक प्रस्तुति के साथ राज्य के बाहर मध्य प्रदेश अनूपपुर पुष्पराजगढ़ उड़ीसा पूरी कोणार्क वाराणसी सावन झूला महाराष्ट्र गोंदिया गणेश उत्सव में प्रस्तुति दिया अभी वर्तमान में ऑडियो वीडियो यूट्यूब के माध्यम से छत्तीसगढ़ी गीत करमा के ताल, मैं छानी बन जाते, जब ले देखे मौला हंस के खूब सराहा जा रहा है मनहरण साहू का जन्म 5, 8, 1985 ग्राम दुलदुला विकासखंड जिला बलौदा बाजार में हुआ वर्तमान में लोक मंच संस्था छत्तीसगढ़ी रंगोली दुलदुला पंजीयन क्रमांक 35788 संस्कृति चिन्हारी पोर्टल पंजीयन क्रमांक 202100000459 है तथा लगातार समर्पण भाव से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति का मान बड़ा रहे हैं।

समाचार संक्षेप

अंचल की धान खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं होने से समितियों को हो रही परेशान

भखारा, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भखारा अंचल की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रामपुर पं.क्र - 988 की उपार्जन केंद्र ग्राम पचपेड़ी, जुगदेही समिति पं.क्र - 1539 की उपार्जन केंद्र ग्राम सिलौटी, गातापार समिती पं.क्र - 642 की उपार्जन केंद्र ग्राम भेंडरा में इन दिनों धान की खरीदी सुचारू रूप से चल रही है सोसायटी पहुंचकर धान बेचने वाले किसान समितियों की धान तौलाई और किसानों के लिए रखी गयी व्यवस्था से संतुष्ट है।लेकिन वहीं समिति प्रबंधकों ने धान की उठाव को लेकर चिंता जाहिर की है धान उठाव में हो रही समस्या को लेकर रामपुर समिती व पचपेड़ी उपार्जन केंद्र के प्राधिकृत अधिकारी सतीश जैन ने बताया कि जब से धान खरीदी शुरू किया गया है तब से लेकर अब तक एक भी गाड़ी धान की उठाव नहीं हुआ है जिसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दिए हैं फिर भी व्यवस्था नहीं हो रही है जिसके चलते फड़ में धान रखने की जगह नहीं है अगले दो- तीन दिन में धान की उठाव नही होगा कुछ दिन में खरीदी रुक जाएगी जिससे किसान व समितियों को परेशानी होगी शासन प्रशासन को तत्काल धान उठाव की व्यवस्था करना चाहिए।

शत-प्रतिशत धान खरीदी को सफ्ल बनाने के लिए रामपुर समिती की पचपेड़ी उपार्जन केंद्र में प्रभारी नरेंद्र कुमार, प्राधिकृत अधिकारी सतीश जैन, कंप्यूटर ऑपरेटर वेदराज साहू एवं जुगदेही समिती की सिलौटी उपार्जन केंद्र में प्रबंधक खेमलाल साहू, प्राधिकृत अधिकारी भोलाराम साहू, फड़ प्रभारी हिमांचल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर खिलावन साहू एवं गातापार समिति में प्रबंधक अशोक साहू, प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू व भेंडरा उपार्जन केंद्र में प्रभारी शिव कुमार साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर योगराज साहू जुटे हुए है।

एक नजर

बाबा साहेब को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

बलौदाबाजार 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और याद किया। डॉ.आंबेडकर की पुण्यतिथि हर वर्ष 6 दिसंबर को मनाई जाती है। इसे 'महापरिनिर्वाण दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब आंबेडकर का निधन छह दिसंबर 1956 को हुआ था।

हर्षद रेस्टोरेंट का शुभारंभ

भाटापारा, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहर के सिटी सेंटर माल मे नये कलेवर नये तेवर व आधुनिक साज सज्जा के साथ हर्षद मल्टीक्यूज़न रेस्टोरेन्ट का शानदार शुभारंभ हुआ रेस्टोरेंट के संचालक पीयूष खिलोसिया ने बताया कि 100 प्रतिशत वेज रेस्टोरेंट मे चायनीज फूड के साथ शाकाहारी व्यंजन उपलब्ध रहेगा रेस्टोरेंट मे बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था को काफी आरामदायक बनाया गया है वही यहां के व्यंजनों का स्वाद क्षेत्र के अलावा आसपास के जिलो मे मशहूर है।

70 पार लोगों का बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

भाटापारा, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सिविल अस्पताल मे 70 वर्ष से उपर लोगो के आयुष्मान कार्ड नियमित रूप से बनाये जा रहे है।इस संबंध मे बीएमओ डा. राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया आयुष्मान कार्ड के लिए आधारकार्ड लाते ही तत्काल इसका पंजीयन कर तत्काल आयुष्मान कार्ड सौंपा जा रहा है।

ट्रक की टक्कर से पिकअप पलटी, 12 घायल

पिकअप वाहन को ठोकर मारते हुए सायकिल सवार को घसीटकर आरोपी चालक ट्रक लेकर फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 7 दिसम्बर। नगर पंचायत भखारा में शुक्रवार को दोपहर में रायपुर से आ रही दो पिकअप वाहन को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे एक पिकअप वाहन पलट गया। हादसे में दोनों पिकअप वाहन के 12 लोग घायल हो गये है। जिसमें कुछ लोगों की स्थिति गंभीर बताया जा रहा है जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा ले गया जहां घायल लोगों का उपचार किया गया तत्पश्चात गंभीर लोगों को जिला अस्पताल धमतरी भेज दिया गया उक्त घटना के बाद चालक ट्रक लेकर धमतरी की ओर फरार हो गया जिनकी पतासाजी में भखारा पुलिस जुट गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अकोला महाराष्ट्र के कुछ लोग रायपुर होते हुए पिकअप वाहन में सवार होकर राजारावा पठार मेला में सामान बिक्री करने के लिए जा रहे थे।जिसमें महिन्द्रा पिकअप सीजी 04 टीटी 3873 आगे चल रहा था। उसके पीछे बोलेरो पिकअप सीजी 04 एनयू 6146 पीछे चल रहा था। शुक्रवार दोपहर लगभग 1.45 बजे भखारा प्रवेश द्वार के पास रायपुर की ओर से आ रही ट्रक ने दोनों पिकअप को ठोकर मार दिया जिससे पीछे चल रही पिकअप डिवाईडर और साईन बोर्ड में टकराने के बाद पलट गया। पलटने के बाद अफरा-तफरी मच गई। हादसे में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये। जिसमें तीन लोगों की स्थिति गंभीर हैं।

उक्त घटना की सूचना मिलते ही भखारा तहसीलदार भूपेन्द्र चंद्राकर, नायब तहसीलदार विनोद कुमार बंजारे, थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंचे। घायलों को 108 एम्बुलेंस और हाईवे पेट्रोलिंग से भखारा अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों पिकअप को ठोकर मारने के बाद ट्रक एक सायकल को रौंदते हुए धमतरी की ओर फरार हो गया जिसकी पतासाजी में भखारा पुलिस जुटी हुई है। घायलों में सुषमा 30 वर्ष, आशीष 25 वर्ष, अंकित 15 वर्ष, माला 25 वर्ष, बेनचुस 24 वर्ष, बेबी आईस 6 वर्ष, कपिल 4 वर्ष, बुजुर्ग अम्बादास 70 वर्ष और बुजुर्ग महिला हुकला सहित अन्य लोग शामिल हैं।

इस संबंध में भखारा थाना प्रभारी लेख राम ठाकुर ने बताया कि पिकअप वाहनों को ठोकर मारकर ट्रक फरार हो गया है ट्रक के आगे पीछे कोई नम्बर नही है फुटेज में सिर्फ ट्रक दिखाई दे रहा है।स्टाफपतासाजी में जुटी हुई है इस घटना में 7 महिला, 3 पुरूष, 2 बच्चे घायल हुए है जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में इलाज के बाद सभी को जिला अस्पताल धमतरी रिफर किया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने किया धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण

धान खरीदी के नाम पर प्रदेश में किसानों की दुर्दशा : बघेल

■ निरीक्षण में पहुंचे भूपेश बघेल का विधायक इन्द्र साव ने किया का जोरदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 7 दिसम्बर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का भाटापारा जाते समय सिमगा बाईपास पर विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया स्वागत के दौरान स्थानीय किसानों ने सिमगा नगर के धान खरीदी केंद्र की अव्यवस्थाओं एवं समिति प्रभारी की शिकायत की जिस पर बघेल ने सिमगा स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया

सोसाइटी मे धान बेचने आये किसानो ने अपने बीच पूर्व मुख्यमंत्री को अचानक देख समिति प्रभारी मंजुला शर्मा की जमकर शिकायतें की ग्राम कचलोन के किसान हरिशंकर सोनवानी ने आरोप लगाया कि समिति प्रभारी धान का ढेर लगाकर रखवा देती है तथा पैसे की मांग करती है अन्यथा आपका धान कहीं और ले जाकर बेच दो कहती है और पैसा देने पर ही बोरे देने की बात कही सिमगा के किसानों ने सुखत के नाम पर 500 से 600 ग्राम ज्यादा धान तौलने की बात कही जिसका बघेल ने तौले धान को काटे पर चढ़वा कर देखा तो 41.2 किलो पाया गया जिस पर बघेल ने प्रभारी को समझाते हुए कहा कि इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए यह धान किसानों के मेहनत और पसीने से उगाया गया है किसान एक-एक बीज खेत से इकठ्ठा कर मंडी बेचने आते हैं और इस प्रकार ज्यादा धान-तौल कर उनके हक को मारा जा रहा है बघेल ने टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी मांगी तथा धान को जमीन पर तौलने की जगह शेड के भीतर तौलने कहा जिससे धान जमीन पर गिरकर खराब होने से बचेगा और स्टेक को जमीन पर लगाने की सलाह दी।

बघेल ने समिति प्रभारी से धान के आवक एवं उठाओ पर भी जानकरी लेते हुए कहा कि धान का उठाव ना होने से सोसाइटीयो में धान रखने की जगह नहीं बचेगी और यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में धान खरीदी ठप हो जाएगी किसानों ने बघेल से समिति प्रभारी को तत्काल हटाने तथा 3100/ की जगह 2300/ से भुगतान की शिकायत की जिस पर बघेल मुस्कुरा कर भाटापारा जाने की बात कह कर चले गए बघेल के साथ विधायक इंद्र साव, ईश्वर सिंह ठाकुर भाटापारा मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा विधायक, प्रतिनिधि शैली भाटिया, दशरथ चंद्राकर, डॉक्टर के के नायक, हीरेंद्र कोसले, भागवत सोनकर, अरुण यादव, सत्याजीत शेंडे, मुकेश साहू, लाला वर्मा, दिनेश साहू कोमल टंडन, गंगा ओगरे, चंद्रशेखर साहू, पप्पू अली, श्याम लाल देवांगन, तुषार मानिकपुरी, अयूब खान, कान्हा यदु, अजीत भट्ट, मनहरण माली, लक्ष्मण सोनकर, लक्की साहू, सतीश देवांगन, नारद सोनकर, गोलू पाटकर, मुकेश साहू, प्रेम साहू, ढेलू साहू, सचिन शर्मा आदि उपस्थित थे।

डंडा, बेल्ट, रॉड से मारपीट फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 24 नवम्बर को प्रार्थी गोविंद राम रात्रे निवासी ग्राम दतान(प) द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि मैं 21 नवम्बर की रात 8 से 9 बजे के मध्य बलौदाबाजार से वापस अपने घर जा रहा था, इस समय मेरे साथ पुष्पकांत मेजर एवं लकेश बघेल भी थे, कि इस दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज संकरी के पास दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरा मोटरसाइकिल रोककर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए, डंडा, बेल्ट, राड से मारपीट और लूट कर फरार हो गए हैं। मारपीट करने से मेरे सिर, दोनों पैर के जांघ, आंख के पास चोट आया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 871/2024 धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 309(6) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में दो आरोपी अक्षय गिरि एवं सोनू यादव को हिरासत में लिया गया था। प्रकरण में जांच विवेचना कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आज उक्त मामले में फरार आरोपी वीरेंद्र कुर्रे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी एवं उसके साथ अन्य दो लोगों के साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया, कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 06.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

विधायक इंद्र साव ने किया अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने पर जनता का जताया आभार

भखारा, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने अपने 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्होंने अपनी सभी सभाओं में क्षेत्र की मतदाता जनता को विश्वास दिलाया कि उनके क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी आप सभी के सामने दिखने लगेगा।विधायक इंद्र साव पिछले एक पखवाड़े से लगातार भाटापारा और सिमगा विकासखंड के विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे है।

क्षेत्र के विधायक इंद्र साव पिछले लगभग 15 दिनों से लगातार अपने क्षेत्र की जनता की भलाई और उनकी मांगों को पूरा करने भाटापारा और सिमगा ब्लाक के दर्जनों गांव पहुंच कर विकासकार्यों का भूमि पूजन कर रहे है।जानकारी अनुसार विधायक साव अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांगों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी मांगों को ना केवल पूरा कर रहे है बल्कि गांव के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे है।विधायक साव का कहना है कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा तो शहर का विकास कैसे होगा, गांव की जनता ही शहर के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाती आ रही है।आज गांव की सड़को, सामुदायिक भवन का निर्माण, रंगमंच का निर्माण, नालियों का निर्माण जैसे प्राथमिक कार्य ही विकास की गाथा की प्रारंभिक पूंजी है।विधायक इंद्र साव भी करोड़ों रुपयों के विभिन्न विकास कार्यों का दोनो ब्लॉक के गांव में भूमि पूजन किया है।इस अवसर पर वे ग्रामीणों को भी लगातार संबोधित भी कर रहे है और अपने 1 वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर क्षेत्र की जनता के प्रति धन्यवाद और आभार भी जताया है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उनके लिए भगवान स्वरूप है और भगवान स्वरूप जनता ने अपना आशीर्वाद मुझे जो एक वर्ष पूर्व दिया था उस आशीर्वाद के चलते ही आज मैं अपनी जनता के वादों और उनकी मांगों को पूरा करने पूरा प्रयासरत हु और मैं सभी को विश्वास दिलाता हु कि आपके गांव के विकास और आपकी मांग को हर हालत में पूरा किया जाएगा।गांव की सड़के हो या पीने के पानी की बात हो इस ज्वलंत समस्या का निदान प्राथमिकता के साथ होगा।

इसके पूर्व विधायक इंद्र का सभी गांव में विकासकार्यों का भूमि पूजन करने पहुंचने पर ग्रामीणों ने परंपरागत से उनका ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया।इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी गण गांव के सरपंच, उपसरपंच, पंच गण और ग्राम वासी भी उपस्थित रहते थे।

रासेयो शिविर के समापन में स्वयंसेवकों ने किया मातृत्व खेल प्रतियोगिता का आयोजन

सेवाभाव के साथ सहयोग की भावना होनी चाहिए : रूपसिंग साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 7 दिसम्बर। कचना ध्रुवा महाविद्यालय की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन धूमधाम से किया गया। स्वयंसेवी छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सबको बहुत आनंदित किया। इस दौरान वक्ताओं ने स्वयंसेवकों से शिविर में सीखी गई बातों को जीवन में उतारने की बात कही।

शिविर के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता रूपसिंग साहू, प्राचार्य डॉ दिनेश साहू, जनपद सदस्य दीपक चंद्राकर, सरपंच गोकुल राम ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष कुन्दन निर्मलकर, उप सरपंच मोहन देवांगन, कुंजलाल यदु, उत्तम चंद्राकर प्रेमलाल देवांगन, हरिणायक, एवं पंचों की उपस्थिति में माँ शारदेय एवं रासेयो के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। रासेयो स्वयंसेवको ने शिविर समापन पर विशेष मातृत्व खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।जिसमें पारम्परिक खेल, फुगड़ी, लोटा दौर, मटका फोड़, रस्सा कशी, कुर्सी दौड़, आदि विविध खेलो को कराया गया। विजयी प्रतिभागियों को रासेयो के माध्यम से मुख्य अतिथि रूप सिंग साहू द्वारा महाविद्यालय का प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रूपसिंग साहू ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने शिविर में जो सिखा है, वह उस पर पुरी तरह से अमल करे। तभी उसका फायदा होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज सेवा के प्रति जागरुक करना है। इसलिए हमारे अंदर सेवाभाव से सहयोग करने की भावना होनी चाहिए। तभी हम गांव क्षेत्र व समाज का विकास कर सकते है। उन्होंने

मुख्यमंत्री सांस्कृतिक प्रोत्साहन स्वेच्छानुदान योजना से बीस हजार, एवं ग्रामवासियो के मांग पर शीतला मंदिर ज्योति कक्ष जीर्णोद्धार के लिए 6 लाख की घोषणा किये।

वही ग्राम विकाश समिति अध्यक्ष कुन्दन निर्मलकर, एवं उपसरपंच मोहन देवांगन ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, जिससे छात्र-छात्राओं को अच्छा करने व सीखने की प्रेरणा मिलती है। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर अच्छी प्रस्तुति दी। जिसके लिए वे बधाई के पात्र है।उपसरपंच मोहन देवांगन ने शिविरार्थियो को कहा कि शिविर में जो कुछ भी सिखाया गया आप स्वय सेवक छात्र-छात्राएं उसे अपने जीवन में उतारे, और अनुशासन में रहकर आगे बढे। शिविर में सात दिनों तक अच्छा कार्य करने के लिए बधाई के पात्र है। वही प्राचार्य डॉ डी के साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में, शिविर में सहयोग प्रदान करने हेतु ग्राम वासियो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वयं सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दिए। कहा कि इन सात दिनों में बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला होगा।समूह में कार्य करने का अपना अलग ही अंदाज है।तत्पश्चात रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत, नृत्य नाटिका, शिक्षाप्रद हास्य प्रहसनों के माध्यम से ग्रामवासियो का मनोरंजन किया। सहायक कार्यक्रम व क्रीड़ा अधिकारी प्राध्यापक तरुण निर्मलकर ने समस्त ग्रामवासियो का आभार व्यक्त करते हुए शिविर के समाप्ति की घोषणा किये।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर,
जिला-नारायणपुर (छ.ग.)
Tel:- 07781-252934 Email:- eenar-phe-cg@gov.in

मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

नि.सू. क्रमांक/67/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2024 नारायणपुर, दिनांक 29/11/2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर के जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला के लिए Instruments प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ''सी'' में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 13/12/2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

समूह क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	2	3
01	जिला स्तरीय प्रयोगशाला हेतु Instruments क्रय कार्य (शेड्यूल अनुसार)	10.48 लाख

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.12.2024 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर छ.ग.

जी-242504403/3

एक नजर

रायपुर के संपत सिंह राजपूत को आनरेरी डाक्टरेट की उपाधि

रायपुर 7 दिसंबर। रायपुर के संपत सिंह राजपूत को सामाजिक सेवा के पिछले 30 वर्षों से अधिक उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए इमर्जिंगएचिवर्सएवार्डकौंसिल नई दिल्ली ने काऊन्सिल की लाईफटाईम सदस्यता एवं हानरेरीडाक्टरेट की उपाधि प्रधान की है। सम्पूर्ण भारत से अपने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वालो व्यक्तियों का चयन कर इमर्जिंगएचिवर्सएवार्डकौंसिल नई दिल्ली प्रति वर्ष सम्मानित करती है। इस अवसर पर उन्हें उत्तम सिंगणहरवार, देवराज सिंगचौहान,मितेंद्रगेडाम, टेकराम वर्मा,हरिशंकर साहू, दिलीप कुमार साहू, रमेश चौधरी,कुलदीपसिंग, अशोक शर्मा, राकेश जायसवाल,लवकुश प्रजापति, कमलेश राजपूत आदि ने शुभकामनाएँ दी है।

कार ने बुजुर्ग को रौंदा

रायपुर 7 दिसंबर। राजधानी रायपुर में फिर एक बड़ा हादसा हो गया। जहाँ पचपेड़ी नाका ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार क्रेटा कार सुबह 7 बजे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गई। इस दौरान ब्रिज पर पैदल चल रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। वही कार की टक्कर से पैदल चल रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। कार में सवार चालक को भी चोट आई हैं। घटना के बाद आप पास लोगों ने 108 मदद से घायल को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया। यह मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा हैं।

खेल प्रतियोगिता अपरिहार्य कारणों से स्थगित

रायपुर 7 दिसम्बर । अपर संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, श्री जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता राजधानी रायपुर में 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होने वाली थी। उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी जनवरी माह में संभावित है, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

टामन सिंह और एसके गोयल अब 20 दिसंबर तक रहेंगे जेल में

रायपुर 7 दिसंबर। सीजीपीएससी 2023 परीक्षा गड़बड़ी मामले में गिरफ्तार पूर्व चेयरमेन टामन सिंह सोनवानी और कारोबारी एसके गोयल की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई है । अब दोनों को 20 दिसबंर तक जेल में रहना होगा । आज न्यायिक रिमांड की पहली अवधि आज पूरा होने पर दोनों को सीबीआई की विशेष कोर्ट पेश किया गया। जहां से न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई। इस बीच सीबीआई ने इनसे हुई पूछताछ के बाद कल ही पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक के राजनांदगांव स्थित घर में दबिश दी थी। आरती के यहां पहले भी सितंबर में छापे और पूछताछ कर चुकी है। आपको बता दें कि सीजीपीएससी 2019 से 2022 तक की भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है। ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में केस दर्ज किया है। पीएससी ने 2020 में 175 पदों पर और 2021 में 171 पदों पर परीक्षा ली थी।

राज्य स्तरीय मॉडर्न पेंटाथलन प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर 7 दिसंबर। मॉडर्न पेंटाथलन एसोसियेशन ऑफ छत्तीसगढ़. द्वारा राज्य के 18 वर्ष से अधिक आयु के सीनियर वर्ग बालक/बालिकाओं का सलेक्शन ट्रायल शंकरा भिलाई में दिनांक 09.12. 2024 को प्रता 9ः बाजे से प्रारंभ होगा इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी माहाराष्ट्र में होने वाली नेशनल में शामिल होगें। चयन ट्रायल में 5 इवेंट का आयोजन किया जावेगा। जिसमे लेजर रन बाइथले (रनिगं एवं स्वीमिगं ट्रइथलें (रनिगं स्वीमिगं शूटिंग) टेट्राथलान (रनिगं स्वीमिगं शूटिंग फेन्सींग) के अलावा (मॉडर्न पेंटाथलन) (रनिगं स्वीमिगं शूटिंग फेन्सींग ऑप्टिकल जंपिग) इस के अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाडीयों को चयनित किया जावेगा। राज्य के सभी जिले को सचूनार्थ प्रेषित किया जा चुका हैं। लगभग 300 खिलाडियों के सहमति प्राप्त हो गयी हैं। समस्त जिले के प्रभारी नियत तिथि एवं समय पूर्व आयोजन स्थल में अपने खिलाडियों का पंजीयन कराये अधिक जानकारी टूर्नामेंट प्रभारी श्री दिलीप विश्वकर्मा से सम्पर्क कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी संघ के महासचिव श्री प्रमोद सिंह ठाकुर ने विज्ञप्ति में दी।

हथौड़े से किया हमला, महिला की मौत

रायपुर 7 दिसंबर। खरोरा थाना अंतर्गत कोरासी गांव में एक युवक ने नशे की हालत में लोहे के हथियार से एक महिला की हत्या कर दी। साथ ही कई लोगों पर प्राणघातक हमला किया, जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार जारी हैं। घटना शुक्रवार देर शाम की है। आरोपी डोंगेंद्र उर्फ डब्बू पटेल को ग्रामीणों ने पहले जमकर पिटा उसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया है।

पश्चिम विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर सियासी ड्रामा

विकास ने चौपाटी का स्थान बदलने के विरोध में किया प्रदर्शन

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 7 दिसम्बर। पश्चिम विधानसभा में विकास को लेकर अब हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया है। इस विधानसभा में 20 वार्ड आते हैं। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय द्वारा स्वीकृत किए गए सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। वर्तमान विधायक राजेश मूणत द्वारा इसका श्रेय लेने पर घमासान मच गया है। आज पूर्व विधायक विकास उपाध्याय द्वारा चौपाटी को लेकर आमानाका तक प्रदर्शन किया गया।

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा की संभावना को देखते हुए विस के 20 वार्डों में कब्जा करने के लिए मूणत और उपाध्याय समर्थक आमने-सामने हैं। स्वामी आत्मानंद वार्ड के अंतर्गत आने वाले समता कालोनी में जल निकासी के लिए नाले का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसको लेकर पहले ही विरोध किया जा चुका है। वहीं सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी पूर्व विधायक द्वारा अपने कार्यकाल में दिलाई गई थी। वर्तमान विधायक द्वारा इसका श्रेय लिया जा रहा है। उन्होंने चौबे कालोनी में एक पोस्टर लगा दिया है जिसमें सड़क का चौड़ीकरण, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य स्वीकृत कराने का दावा किया गया है। मायारामा सुरजन स्कूल का जीर्णोद्धार का भी उल्लेख इस पोस्टर में किया गया है जबकि मोहल्लेवासियों का कहना है कि वर्तमान पार्षद ने रेल पटरी के किनारे पट्टा दिलाने का कोई प्रयास नहीं किया जिससे लोगों में रोष है। वर्तमान में विकास उपाध्याय के समर्थक नगर निगम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। वे अब सक्रिय हो गए हैं। चूड़ामणि वार्ड के अंतर्गत रामकुंड, बुनकर सोसायटी में भी यही हालात हैं। तालाब का विकास, सौंदर्यीकरण के काम का श्रेय ले रहे हैं। इसके कारण यहां पर विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। वर्तमान पार्षद दीपक जायसवाल के सामने जवाहर सोनकर खड़े हुए हैं। जवाहर सोनकर पूर्व पार्षद स्वर्गीय गंगाराम सोनकर के भतीजे हैं इसलिए वे रामकुंड में काफी लोकप्रिय हैं। उन्हें लोग जावा भैया के नाम से जानते हैं। ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय कालेज वार्ड, रामकृष्ण परमहंस वार्ड सहित अनेक वार्ड आते हैं। रामकृष्ण परमहंस वार्ड की सीमा बढ़ा दी गई है। अब यह वार्ड महोबाबाजार तक आएगा। इसमें स्टेट बैंक ऑफिसर्स कालोनी को भी शामिल कर लिया गया है। इस समय चौपाटी प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन गया है जहां पूर्व विधायक ने इसे एनआईटी के सामने स्थापित करने का प्रयास किया था वहीं अब इसे आमानाका ओवरब्रिज के नीचे स्थानांतरित कर दिया गया है जिससे ठेला, खोमचे वाले काफी नाराज हैं। वे अपने व्यवसाय के लिए लाखों रुपए दे चुके हैं। इसको लेकर कोर्ट में मामला विचाराधीन है।

वार्डों के आरक्षण का इंतजार

वार्डों में चुनाव के दावेदार आरक्षण का इंतजार कर रहे हैं। पार्षद दिनेश देवांगन के अनुसार सभी वर्तमान पार्षदों का अपना कार्यालय है जिसमें जनता की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। वर्तमान में जमीन का पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, नल कनेक्शन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर नागरिक बड़ी संख्या में आते हैं। इस समय प्रधानमंत्री आवास योजना की एक बड़ी राशि शहरी क्षेत्रों में आबंटित की गई है। वरिष्ठ पार्षद श्रीकुमार मेमन का कहना है कि वर्तमान में 12 वार्ड अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित हैं। 18 वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। यदि 50 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाया जाएगा तो इनकी कुल संख्या 35 तक पहुंच जाएगी। सभी निर्वाचित पार्षद अब आरक्षण की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग का कहना है कि शासन द्वारा ही यह सूची जारी की जाएगी। निकाय क्षेत्रों में भी आरक्षण का इंतजार किया जा रहा है।

मौसम में बदलाव, बारिश का अलर्ट 16 जिलों के लिए जारी

रायपुर, 7 दिसम्बर । आईएमडी मौसम विभाग एजेंसी द्वारा जारी समाचार के अनुसार मौसम में अगले 24 घंटे में बदलाव के साथ ही 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मौसम में बदलाव के साथ कुछ जिलों में बारिश के साथ ही अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है। बस्तर में 8 दिसंबर एवं सरगुजा में अगले 48 घंटे में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। ज्ञात हो कि इस बार नवंबर में प्रतिवर्षानुसार पड़ने वाली ठंड का अभाव देखा गया है। नवंबर में भी अधिकांश ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोग रात एवं दिन को पंखा लगाकर सोते पाये गये। छत्तीसगढ़ में मौसम के मिजाज बदलने के साथ ही पश्चिमी क्षेत्र के कारण होने वाली बदली बारिश में कोरिया मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर गरियाबंद, धमतरी, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, कांकेर एवं नारायणपुर में अगले 48 घंटों में मध्यम से हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बस्तर संभाग के जिलों में आज शाम रात को पानी बरस सकता है। वहीं सरगुजा में मौसम शुष्क होने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा।

तोकापाल दंतेवाड़ा में 7 मिली बारिश दर्ज

पिछले सप्ताह गुरुवार को प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा यहां रात का तापमान 9.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। बस्तर जिले के तोकापाल दंतेवाड़ा, कटेकल्याण में 7.2 मिली बारिश हुई।

जनमित सहकारी समिति का निर्वाचन 8 दिसम्बर को

रायपुर 7 दिसंबर। सहकारिता के क्षेत्र में कार्यरत छत्तीसगढ़ जनकल्याण मितव्ययी साख सहकारी समिति मर्यादित (जनमित) रायपुर के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन आगामी 8 दिसम्बर को होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित रिटर्निंग अधिकारी श्री एस.के. पाण्डेय सहायक आयुक्त सहकारिता ने नवनिर्वाचित संचालक मण्डल का प्रथम सम्मेलन अगामी 8 दिसम्बर को दोप. 12:00 बजे जनमित कार्यालय में आहुत किया है। जिसमें अध्यक्ष एवं दो उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न किया जावेगा। जनमित के नाम से लोकप्रिय यह सहकारी संस्था विगत 20 वर्षों से बचत एवं साख के क्षेत्र में कार्य करती आ रही है। जिसका निर्वाचन 5 वर्ष के अन्तराल बाद निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जाता है।

स्वास्थ्य मंत्री ने जन औषधि केन्द्र का किया शुभारंभ

रायपुर, 7 दिसम्बर। प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकत्सालय जीपीएम में 20 बिस्तरीय आईसोलेशन सह पीडियाट्रिक वार्ड का लोकार्पण और भारतीय जन औषधि केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती के 47 विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आदेश पत्र दिए। उन्होंने सभी लोगों को भारत को टी. बी. मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई। संविदा भर्ती के पदों में स्टॉफ नर्स एनआरसी, नर्सिंग ऑफिसर एनएचएमपी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (मनोरोग नर्स), साइकोलॉजिस्ट-क्लिनिकल, द्वितीय एएनएम, एएनएम (आरबीएसके), डेटल असिस्टेंट, ब्लॉक सुपरवाइजर (वीबीडी), एसटीएस, ओटी टेक्निशियन, लैब सहायक, नर्सिंग अधिकारी, जूनियर सचिवीय सहायक (एनएचएम), सचिवीय सहायक (आईडीएसपी), जूनियर सचिवीय सहायक (एनसीडी), जिला डाटा सहायक एवं सचिवीय सहायक (एनएचएम) के पद शामिल है।

कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करने वाले व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों पर स्टेट जीएसटी की दबिश

रायपुर, 7 दिसम्बर । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य कर निरीक्षकों को शासकीय कार्य के दौरान व्यवसायियों द्वारा धमकाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि राज्य कर जीएसटी विभाग द्वारा बोगस फर्मों, संदिग्ध फर्मों की पहचान के लिए रिस्क पैरामीटर के आधार पर ऐसे फर्मों की पहचान कर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के निर्देश पर निरीक्षकों द्वारा रायपुर स्थित मेसर्स योगेश कमर्शियल, महेश कालोनी, गुढियारी के मुनीश कुमार शाह एव मेसर्स श्री जगन्नाथ कन्स्ट्रक्शन, दलदल सिवनी के राहुल शर्मा के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर व्यवसाय के भौतिक सत्यापन हेतु राज्य कर निरीक्षक श्रीमती रितु सोनकर और श्री होमेश वर्मा को निर्देशित किया गया था। आदेश के परिपालन में कर निरीक्षक भौतिक सत्यापन करने गये थे, लेकिन उक्त दोनों व्यवसायियों के द्वारा निरीक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए धमकी दिया गया जिससे व्यवसाय के भौतिक सत्यापन के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा व्यवसायियों के इस कृत्य को गंभीरता से लिया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशन में विभाग ने व्यवसायियों के संव्यवहारों की पड़ताल की तथा कर अपवंचन और जीएसटी अधिनियम के प्रावधानो का पालन नहीं करने पर आज विभाग ने दोनों फर्मों के प्रतिष्ठानों पर जांच जब्ती की कार्यवाही की। विभाग द्वारा शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाने एवं अधिकारियों को धमकाने के लिए उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की गई।

पंडो जनजाति के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री साय का विशेष प्रयास

रायपुर, 7 दिसम्बर । छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में पंडो जनजाति का नाम प्रमुखता से आता है। यह जनजाति राज्य के दूर-दराज इलाकों में निवास करती है, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव और शासन की योजनाओं तक पहुंच की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। इस समस्या का समाधान करने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सूरजपुर जिले में पंडो जनजाति को मूलभूत सुविधाओं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन संपूर्णता अभियान के तहत प्रत्येक बुधवार को किया जा रहा है,

जो कि उनकी विकास यात्रा में एक निर्णायक पहल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सदैव समाज के सबसे पिछड़े और हाशिए पर खड़े समुदायों के विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। उनकी यह मान्यता है कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सुविधा मिलनी चाहिए, चाहे वह किसी भी भौगोलिक स्थिति में क्यों न हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस सोच को मूर्त रूप प्रदान करते हुए पंडो जनजाति जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है, ताकि इन समुदायों का समुचित विकास हो सके और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके। इसी क्रम में पंडो जनजाति के विकास की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए सूरजपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत भवनों में विशेष शिविरों का आयोजन इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि पंडो जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं का संपूर्ण लाभ पहुंचाया जा सके। पण्डो जाति के लिए विशेष शिविरों का आयोजन इनके विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। विशेष शिविरों के द्वारा इस जनजाति के प्रत्येक परिवार को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इन शिविरों का आयोजन 18 दिसंबर 2024 तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत भवनों में किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में प्रारंभ होंगे चार नये केन्द्रीय विद्यालय

रायपुर, 7 दिसम्बर । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में चार नये केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। नये स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय मुंगेली, सूरजपुर, बेमेतरा और जांजगीर-चांपा जिले के हसौद में प्रारंभ होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नये केन्द्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से राज्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। छत्तीसगढ़ में इन विद्यालयों के प्रारंभ होने से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नाम आर्थिक मामलों के मंत्रिमण्डल समिति द्वारा देशभर में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) खोलने की मंजूरी दी गई है।

किसानों को धान विक्रय के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया का पालन करने कलेक्टरों को निर्देश

रायपुर, 7 दिसम्बर । राज्य शासन द्वारा सभी कलेक्टरों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था के तहत किसानों को टोकन जारी करने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी वितरण संघ के प्रबंध संचालक ने सभी कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में टोकन आवेदन समिति मॉड्यूल एवं टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से किए जाने की सुविधा का उल्लेख करते हुए कहा है कि कुल टोकन आवेदन का 40 प्रतिशत समिति मॉड्यूल एवं 60 प्रतिशत एप के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। टोकन आवेदन हेतु रविवार से शुक्रवार तक प्रातः 9.30 बजे सायं 5 बजे तक का समय निर्धारित है। किसानों द्वारा आवेदन के दौरान आवश्यक प्रविष्टि करने के उपरांत आवेदन दिनांक से 15 जनवरी 2025 तक रिक्त स्लॉट में धान विक्रय हेतु दिवस का चयन किया जा सकता है। समितियों में, धान विक्रय किये जाने हेतु पंजीकृत रकबा एवं खरीदी अवधि को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन खरीदी लिमिट भी निर्धारित है, जिसकी जानकारी खाद्य अधिकारी माड्यूल एवं समिति माड्यूल में उपलब्ध है। प्रतिदिन खरीदी लिमिट अंतर्गत टोकन तुहर हाथ एप के माध्यम से आवेदित टोकन लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य वही अनुपात निर्धारित है, जो उस समिति में पंजीकृत लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य है। प्रतिदिन खरीदी लिमिट अंतर्गत समिति माड्यल के माध्यम से आवेदित टोकन में लघु, सीमांत कृषक एवं दीर्घ कृषक के मध्य किसी प्रकार कोई अनुपात निर्धारित नहीं किया गया है।

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए राज्य में लघु एवं सीमांत कृषकों को 2 टोकन एवं दीर्घ कृषकों 3 टोकन की सुविधा प्रदाय की गई है। लघु सीमांत कृषक अपने दूसरे टोकन में तथा दीर्घ कृषक अपने तीसरे टोकने में उनके द्वारा अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा के अध्याधीन शेष संपूर्ण मात्रा के लिए टोकन ले सकेगा। यदि कृषकों द्वारा अंतिम टोकन में प्रविष्ट की गई धान की मात्रा उपार्जन केन्द्र में निर्धारित खरीदी लिमिट से अधिक होती है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

रायपुर, 7 दिसम्बर । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 6.80 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 6807 करोड़ 82 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफवर्ष

के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 6 दिसम्बर को 66181 किसानों से 2.95 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 76378 टोकन जारी किए गए थे।

राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्यओं का समाधान कर सकते है।

वकील मुकदमा जीतता है या सीखता है... हारता नहीं : अरुण साव

रायपुर, 7 दिसम्बर। उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्य मंत्री श्री अरुण साव आज मुंगेली में अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चन्द्र कुमार अजगल्ले ने करही स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मुंगेली जिला एवं सत्र न्यायालय में ई-लाइब्रेरी की घोषणा की। उन्होंने वहां सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने मुंगेली बार को आदर्श और सुविधाजनक बनाने के लिए भी प्रयास करने की बात कही। विधायक श्री पुन्नुराम मोहले भी समारोह में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा अधिवक्ताओं से बहुत

गहरा नाता है। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस बार का सदस्य रहा हूं और आज मुख्य अतिथि के रूप में आने का मौका मिला है। मुंगेली बार का इतिहास अत्यंत वैभवशाली और गौरवशाली रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की जवाबदारी बहुत बड़ी है, इसलिए पक्षकार से मुकदमा लेने के बाद उसे न्याय दिलाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। वकील मुकदमा जीतता है या सीखता है, हारता नहीं है। समाज में वकीलों की बहुत प्रतिष्ठा है। समाज की सेवा में आपका भी योगदान महत्वपूर्ण होना चाहिए। श्री साव ने कहा कि पक्षकार कितने रुपए देगा, इसका मूल्यांकन नहीं करना चाहिए। अधिवक्ताओं का पूरा ध्यान पक्षकारों को न्याय दिलाने में होना चाहिए। उन्होंने नवनिवार्चित पदाधिकारियों को मुंगेली बार की गरिमा को और आगे बढ़ाने को कहा।

विधायक श्री पुनूलाल मोहले ने अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि सभी पदाधिकारी समाज की सेवा के लिए बेहतर कार्य करेंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री चन्द्र कुमार अजगल्ले ने मुंगेली बार की सराहना करते हुए अधिवक्ताओं को बिना किसी भेदभाव के पीड़ितों को समभाव से न्याय दिलाने की बात कही। कलेक्टर श्री राहुल देव, पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल, पूर्व सांसद श्री लखन लाल साहू, मुंगेली नगर पालिका के अध्यक्ष श्री संतुलाल सोनकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री बलराम देवांगन, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ श्रेणी श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री गिरीश शुक्ला और श्री संजय गुप्ता भी समारोह में मौजूद थे।

खुड़िया मल्टी-विलेज योजना से 206 गांवों को मिलेगा पेयजल

रायपुर, 7 दिसम्बर । जल जीवन मिशन के तहत खुड़िया मल्टी-विलेज योजना से जिले के तीनों विकासखंडों के 206 गांवों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। मुंगेली जिले के करीब 60 हजार परिवारों को योजना का फायदा मिलेगा। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव 7 दिसम्बर को मुंगेली जिले के खुड़िया में 290 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन करेंगे। खुड़िया जलाशय के सामने ही 23 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। योजना का काम एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। खुड़िया मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना में खुड़िया जलाशय के पानी को शुद्ध कर गांव-गांव में बनी पानी टंकियों के माध्यम से घरों तक पहुंचाया जाएगा। जल गुणवत्ता से प्रभावित और ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने से संकटग्रस्त गांवों को इससे पूरे साल भर स्वच्छ पेयजल मिलेगा। मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के 84 गांवों के 27 हजार 627 परिवार, मुंगेली विकासखंड के 86 गांवों के 19 हजार 737 परिवार और पथरिया विकासखंड के 36 गांवों के 12 हजार 248 परिवार योजना से लाभान्वित होंगे। शासन द्वारा योजना के लिए 290 करोड़ 12 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के अंतर्गत मुंगेली जिले के 206 गांवों में पेयजल की आपूर्ति के लिए 430 किलोलीटर क्षमता के एमबीआर के साथ ही अलग-अलग क्षमता के छह जेडबीआर भी बनाए जाएंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26